उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916

{उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2, वर्ष 1916}

THE UTTAR PRADESH MUNICIPALITIES ACT, 1916 [Uttar Pradesh Act No. II of 1916]

{उत्तर प्रदेश}[5] नगरपालिका अधिनियम, 1916[1]

{ {उत्तर प्रदेश}[5] अधिनियम संख्या 2, वर्ष 1916}

संयुक्त प्रान्त में नगरपालिकाओं से सम्बद्ध विधि को समेकित करने के लिए

अधिनियम

यह इष्टकर है कि संयुक्त प्रान्त में नगरपालिकाओं से सम्बद्ध विधि को समेकित और संशोधित किया जाये, अतएव एतद्द्वारा निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :––

अध्याय 1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त शीर्ष, प्रसार और प्रारम्भ

1–– (1) यह अधिनियम {उत्तर प्रदेश}[5] नगरपालिका अधिनियम, 1916 कहा जायेगा।

(2) इसका प्रसार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह पहली जुलाई, 1916 से प्रवृत्त होगा।

परिभाषाएं

2–– जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस अधिनियम में –

{(1) 'पिछड़े वर्गों' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण अधिनियम, 1994 की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है;}[3]

(2) 'भवन' का तात्पर्य किसी मकान उपगृह, अस्तबल, छादक (शेड़) झोपड़ी या अन्य बाड़ा या ढांचे से है चाहे वह पक्की ईट, लकड़ी, मिट्टी, धातु या चाहे किसी भी अन्य पदार्थ से बना हो, चाहे उनका उपयोग मनुष्यों के रहने के लिए या अन्यथा किया जाता हो और इसके अन्तर्गत कोई बरामदा, चबूतरा मकान की कुर्सी, जीना, देहली, दीवाल, जिसमें किसी उद्यान या कृषि भूमि, जो किसी भवन से अनुलग्न न हो, की चहारदीवारी से भिन्न किसी अहाते की दीवाल सम्मिलित है, किन्तु इसके अन्तर्गत कोई तम्बू या कोई अन्य ऐसा परिवहनीय अस्थायी आश्रय स्थल नहीं है;

(3) 'उपविधि' का तात्पर्य इस अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनायी गयी उपविधि से है;

(4) {***}[4]

(5) 'अहाता' का तात्पर्य ऐसी भूमि से है, चाहे वह घिरी हुई हो या नहीं, जो किसी भवन से अनुलग्न हो या अनेक भवनों का सामान्य अनुलग्नक हो;

{(5–क) 'निदेशक' का तात्पर्य धारा 31–ख के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त स्थानीय निकाय निदेशक, उत्तर प्रदेश से है;}[2]

1. उद्देश्यों और कारणों के विवरण हेतु गजट 1975, भाग विधान परिषद् की कार्यवाही तदैव गजट 1915, भाग 70 पृष्ठ 503 देखिए।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 के अध्याय–3 की धारा 19 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 73(क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 73(ख) द्वारा निकाला गया। 5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(5–कक) 'जिला योजना समिति' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–य घ के अधीन गठित जिला योजना समिति से है;}[1]

(6) 'नाली' के अन्तर्गत सीवर, पाइप, खाई, कुल्या (चैनल) या कोई अन्य युक्ति है, जो कूड़ा–करकट, सीवेज और दूषित जल या वर्षा–जल या अवभूमि जल को बहा ले जाने के लिए हो और उसके अन्तर्गत मैला घर, दुर्गगन्धित वायु निरोधक यंत्र, हौदी, हौज, फलस टंकिया तथा उनसे अनुलग्न अन्य फिटिंग भी है;

{(6–क) 'वित्त आयोग' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–झ {के अधीन गठित}[5] वित्त आयोग से है;}[2]

(7) किसी स्थानीय क्षेत्र के निर्देश में प्रयुक्त 'निवासी' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो उस क्षेत्र में सामान्यतया निवास अथवा कारबार करता हो या वहां पर स्थावर सम्पत्ति का स्वामी या अध्यासी हो;

(8) 'निवास गृह' से अन्तर्गत भवनों का ऐसा समूह या भवन या किसी भवन का भाग है, जिसका उपयोग तीर्थ–यात्रियों और यात्रियों के आवास के लिए होता है, सम्मिलित है;

{(8–क) 'मास्टर प्लान' का तात्पर्य ऐसी व्यापक योजना से है, जिसमें निम्नलिखित का वर्तमान तथा प्रस्तावित स्थल और सामान्य विन्यास दिखाया गया हो–

(क) मुख्य सड़कें और परिवहन;

(ख) आवासीय अनुभाग;

(ग) व्यापार क्षेत्र;

(घ) औद्योगिक क्षेत्र;

(ङ) शैक्षिक संस्थाएं;

(च) सार्वजनिक पार्क, खेल के मैदान और मनोरंजन के अन्य स्थान;

(छ) सार्वजनिक तथा अर्द्ध–सार्वजनिक भवन; तथा

(ज) कोई अन्य स्थान, जो किसी विनिर्दिष्ट उपयोग के लिए हो।}[9]

{(9) 'नगरपालिका' का तात्पर्य धारा {संविधान के अनुच्छेद 243–त के खण्ड (ङ) में निर्दिष्ट}[6] किसी स्वायत्तशासी संस्था से है;

(9–क) 'नगरपालिका क्षेत्र' का तात्पर्य किसी नगरपालिका के प्रादेशिक क्षेत्र से है {***}[7] ;

[8]{(9–ख) 'नगरपालिका परिषद्' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–थ के खण्ड (1) के उपखण्ड (ख) के अधीन गठित नगरपालिका परिषद् से है;

(9–ग) 'नगर पंचायत' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–य के खण्ड (1) के उपखण्ड (क) के अधीन गठित नगर पंचायत से है;}}[3]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 73 (ग) द्वारा बढाया गया। 2. उपर्युक्त की धारा 73 (घ) द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 73(ङ) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 33 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 33 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 33 (ग) द्वारा निकाला गया।
8. उपर्युक्त की धारा 33 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 26 वर्ष 1964 द्वारा अन्तर्विष्ट।

(10) 'अधिसूचना' का तात्पर्य सरकारी गजट में प्रकाशित अधिसूचना से है;

(11) 'अध्यासी' के अन्तर्गत ऐसा स्वामी है, जिसका अपनी निजी भूमि या भवन पर वास्तविक अध्यासन हो;

(12) '{नगरपालिका}[1] का अधिकारी' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो तत्समय इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन सृजित या चालू रखा गया कोई

पद धारण करता हो, किन्तु इसके अन्तर्गत इस प्रकार {नगरपालिका}[1] का या उसकी समिति का कोई सदस्य न होगा;

(13) 'स्वामी' के अन्तर्गत ऐसा व्यक्ति है, जो तत्समय किसी भूमि या भवन का किराया या ऐसे किराये का कोई भाग, चाहे स्वयं अपने लेखे में या न्यासी के रूप में, या किसी व्यक्ति के लिए या किसी धार्मिक या पूर्त प्रयोजन के लिए अभिकर्ता के रूप में या किसी न्यायालय के आदेश द्वारा या उसके अधीन नियुक्त प्रापक के रूप में प्राप्त कर रहा हो या प्राप्त करने का हकदार हो या यदि उक्त भूमि या भवन किसी किरायेदार को उठाया गया होता तो उसे इस प्रकार प्राप्त करता है;

{(13–क) 'पंचायत' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–त के खण्ड (च) में निर्दिष्ट पंचायत से है;}[2]

(14) 'भवन का भाग' के अन्तर्गत कोई दीवाल, भूमिगत कमरा या रास्ता, बरामदा, स्थिर चबूतरा, कुर्सी, जीना या देहली है, जो किसी वर्तमान भवन से संलग्न हो या उसके अहाते के भीतर हो या जो ऐसी भूमि पर निर्मित हो या जो ऐसी भूमि पर निर्मित हो, जो किसी प्रक्षिप्त भवन का स्थल या अहाता होने वाली हो;

(15) 'पैट्रोलियम' का तात्पर्य इण्डियन पेट्रोलियम ऐक्ट, 1899 में यथापरिभाषित पेटोलियम से है;

{(16) 'जनसंख्या' का तात्पर्य ऐसी अन्तिम पूर्ववर्ती जनगणना पर यथा अभिनिश्चित् जनसंख्या से है, जिसके सुसंगत आंकड़े प्रकाशित हो चुके हों;}[3]

(17) (एक) 'विहित' का तात्पर्य इस अधिनियम या तद्धीन बनी नियमावली द्वारा या के अधीन किसी अन्य अधिनियमित द्वारा या के अधीन विहित से है;

(दो) 'विहित अधिकारी' का तात्पर्य ऐसे अधिकारी या नियमित निकाय से है, जिसे राज्य सरकार ने इस निमित्त सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा नियुक्त किया हो और यदि ऐसे अधिकारी या निगमित निकाय की नियुक्त न की जाय, तो आयुक्त से है;

(18) 'सार्वजनिक स्थान' का तात्पर्य किसी ऐसे स्थान से है, जो निजी सम्पत्ति न हो और जो जनता के उपयोग या उपभोग के लिए खुला हो चाहे ऐसा स्थान {नगरपालिका}[1] में निहित हो या नहीं;

(19) 'सार्वजनिक सड़क' का तात्पर्य ऐसी सड़क से है ––

(क) जो धारा 221 के उपबंध के अधीन {नगरपालिका}[1] द्वारा सार्वजनिक सड़क घोषित की जाय; या

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 73 (च) द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 73 (छ) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) जिसे उस भूमि के जिसमें सड़क समाविष्ट हो, स्वामी की स्पष्ट या विवक्षित सम्मति से नगरपालिका या अन्य लोक निधि से समतल किया गया हो, उसमें खडंज बिछाया गया हो उसे पक्का किया गया हो, उसमें नालियां बनायी गयी हो; सीवर लगाया गया हो या उसकी मरम्मत की गयी हो;

(20) 'विनियम' का तात्पर्य इस अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाये गये किसी विनियम से है;

(21) 'नियम' का तात्पर्य इस अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाये गये किसी नियम से है;

{(21–क) पद 'अनुसूचित बैंक' का वही अर्थ होगा, जो रिजर्व बैंक आफ इण्डिया ऐक्ट, 1934 में 'शेड्यूल्ड बैंक' के लिए समनुदेशित है;}[4]

(22) ''{नगरपालिका}[9] का सेवक'' का तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है, जो {नगरपालिका}[9] से वेतन प्राप्त करता हो और उसकी सेवा में हो;

{(22–क) 'लघुतर नगरीय क्षेत्र' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–य के खण्ड (2) के अधीन इस रूप में अधिसूचित क्षेत्र से है;}[4]

{(22–ख) 'राज्य निर्वाचन आयोग' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–ट {के अधीन गठित}[5] राज्य निर्वाचन आयोग से है;}[1]

(23) 'सड़क' का तात्पर्य किसी मार्ग, पुल, पगडंडी, गली, चौक आंगन, संकरी गली या रास्ता से है, जिसमें जनता को जनता के किसी भाग को आने जाने का अधिकार हो और इसके अन्तर्गत उसके दोनों पार्श्व, नालियां या नाबदान और सशक्त सम्पत्ति की परिभाषित सीमा तक की भूमि भी है, भले ही ऐसी भूमि के उपर कोई बरामदा या अन्य ऊपरी ढांचे का प्रक्षेपण हो;

{(23–क) 'संक्रमणशील क्षेत्र' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–थ के खण्ड (2) के अधीन इस रूप में अधिसूचित किसी ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र में संक्रमणगत क्षेत्र से है;}[6]

(24) 1935 का संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 5–'गाड़ी' का तात्पर्य किसी पहियेदार वाहन से है, जिसे सड़क पर प्रयुक्त किया जा सकता है और इसके अन्तर्गत बाईसाइकिल ट्राइसिकिल या संयुक्त प्रान्त मोटर गाड़ी कराधान अधिनियम, 1935 में यथा परिभाषित मोटर गाड़ी है;

{(24–क) 'कक्ष समिति' का तात्पर्य {संविधान के अनुच्छेद 243–घ में निर्दिष्ट}[7] कक्ष समिति से है;}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 73 (ज) द्वारा बढाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 73 (ञ) द्वारा बढाया गया। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 33 (ङ) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 33 (च) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 33 (छ) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 33 (ज) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा अन्तर्विष्ट।
9. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।

(25) 'घरेलू प्रयोजनों के लिए जल' के अन्तर्गत ऐसा जल नहीं होगा, जो पशु या घोड़ा के लिए, अथवा गाड़ियों की धुलाई के लिए हो, जहां उक्त पशु, घोड़े या गाडियां बिक्री या किराये के लिए या किसी नये वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए या लोक वाहक द्वारा रखे गये हो या ऐसा जल नहीं होगा, जो किसी व्यापार, निर्माण या कारबार के लिए अथवा भवन निर्माण के प्रयोजन के लिए अथवा उद्यान, जो किसी आवासीय मकान से अनुलग्न न हो, की सिंचाई के लिए या फौब्बारों के लिए या किसी अलंकारिक प्रयोजन के लिए हो;

(26) 'जलकल' के अन्तर्गत ऐसी सभी झीलें, टंकियां, सरिता, हौज, सोते, पम्प कुएं, जलाशय, जलसेतु, नहर, जलकपाट, मुख्य नल, पाइप, पुलियों, इंजन, बम्बा, खड़ा नल, जलवाहक नल और सभी, मशीनरी, भूमि, भवन, पुल और वस्तुए है, जो जल–सम्भरण के लिए हो अथवा जल सम्भरण के लिए प्रयुक्त होती हो;

(27) जहां किसी व्यक्ति से कोई कार्य करने या कोई अन्य कार्य करने की अपेक्षा करने के लिए किसी प्राधिकारी को कोई शक्ति प्रदत्त किया जाना अभिव्यक्ति हो, वहां उक्त प्राधिकारी, स्वविवेकानुसार, उस व्यक्ति से दोनों में से कोई एक कार्य करने की या यदि ऐसे कार्य की प्रकृति अनुज्ञा दे तो दोनों ही कार्य करने की अपेक्षा कर सकता है या उस व्यक्ति को, ऐसे किसी भी कार्य को जिसे वह पसन्द करे, करने का विकल्प दे सकता है।

अध्याय 2

नगरपालिका का गठन और शासन

संक्रमणशील क्षेत्र और लघुत्तर नगरीय क्षेत्र की घोषणा इत्यादि

{3–– {(1) संविधान के अनुच्छेद 243–थ के खण्ड (2) के अधीन राज्यपाल द्वारा अधिसूचना में विनिर्दिष्ट कोई क्षेत्र, जिसकी सीमायें उसमें विनिर्दिष्ट हो, यथास्थिति, संक्रमणशील क्षेत्र या लघुत्तर नगरीय क्षेत्र होगा।

(2) राज्यपाल, संविधान के अनुच्छेद 243–थ के खण्ड (2) के अधीन किसी पश्चात्वर्ती अधिसूचना द्वारा उपधारा (1) में, यथास्थिति निर्दिष्ट किसी संक्रमणशील क्षेत्र या लघुत्तर नगरीय क्षेत्र में से किसी क्षेत्र को सम्मिलित कर सकते हैं या उसमें से किसी क्षेत्र को निकाल सकते हैं।}[3]

{(3) {उपधारा (1) और (2) में निर्दिष्ट अधिसूचनाएं}[4] इस शर्त के अधीन होगी कि ऐसी अधिसूचना धारा 9 द्वारा अपेक्षित पूर्व प्रकाशन के पश्चात् जारी की जाए और इस धारा में किसी बात के होते हुए भी ऐसे किसी क्षेत्र को, जो कोई छावनी हो अथवा किसी छावनी का भाग हो, इस धारा के अधीन संक्रमणशील क्षेत्र अथवा लघुत्तर नगरीय क्षेत्र घोषित नहीं किया जायेगा और न उसमे सम्मिलित किया जायेगा।}[1]

प्रत्येक संक्रमणशील क्षेत्र और लघुत्तर नगरीय क्षेत्र के लिए नगरपालिका

{3–क–– (1) संविधान के अनुच्छेद 243–थ के खण्ड (1) के अधीन और उसके भाग 9–क के अनुसार ––

(क) प्रत्येक संक्रमणशील क्षेत्र के लिए गठित नगरपालिका को नगर पंचायत के रूप में जाना जायेगा;

(ख) प्रत्येक लघुत्तर नगरीय क्षेत्र के लिए गठित नगरपालिका के नगरपालिका परिषद् के रूप में जाना जायेगा।}[5]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 74 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 34 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 34 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 35 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) उपधारा (1) के अधीन गठित प्रत्येक नगर पंचायत अथवा नगरपालिका परिषद् एक निगमित निकाय होगी।

(3) उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी ––

(क) प्रत्येक नगरपालिका, जो उत्तर प्रदेश नगर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के ठीक पूर्व विद्यमान थी, {ऐसे प्रारम्भ से और उक्त अधिनियम द्वारा यथासंशोधित इस अधिनियम के अधीन नगरपालिका परिषद् के पहली बार गठित होने तक}[3] इस अधिनियम के अधीन नगरपालिका परिषद् समझा जायेगा;

(ख) धारा 338 के अधीन गठित प्रत्येक नोटीफाइड एरिया कमेटी अथवा संयुक्त प्रान्त टाउन एरिया ऐक्ट, 1914 के अधीन गठित प्रत्येक टाउन एरिया कमेटी, जो कि खण्ड (क) में निर्दिष्ट अधिनियम के ठीक पूर्व थी। {ऐसे प्रारम्भ से और खण्ड (क) में निर्दिष्ट अधिनियम द्वारा यथासंशोधित इस अधिनियम के अधीन नगर पंचायत के पहली बार गठित होने तक}[4] इस अधिनियम के अधीन नगर पंचायत समझी जायेगी।}[1]

कक्ष समितियों का गठन और संरचना

[1]{3–ख–– (1) तीन लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाली नगरपालिका परिषद् के प्रादेशिक क्षेत्र के भीतर संविधान के अनुच्छेद 243–ब के खण्ड (1) के अधीन गठित प्रत्येक कक्ष समिति में पांच कक्ष होंगे।

(2) किसी कक्ष समिति का प्रादेशिक क्षेत्र, उस समिति में समाविष्ट कक्षों के प्रादेशिक क्षेत्र से मिलकर बनेगा।

(3) प्रत्येक कक्ष समिति में निम्नलिखित होंगे ––

(क) कक्ष समिति के प्रादेशिक क्षेत्र के भीतर कक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले नगरपालिका परिषद के सभी सदस्य;

(ख) तीन में अनधिक ऐसे अन्य सदस्य, जो राज्य सरकार द्वारा सम्बद्ध कक्ष समिति के प्रादेशिक क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्टीकृत व्यक्तियों में से जिन्हें नगरपालिका प्रशासन का विशेष ज्ञान और अनुभव हो, नाम–निर्दिष्ट किए जायेंगे।

(4) कक्ष समिति अपने गठन के पश्चात् अपनी प्रथम बैठक में और प्रत्येक उत्तरवर्ती वर्ष में उसी मास में अपनी प्रथम बैठक में उपधारा (3) के खण्ड (क) में उल्लिखित सदस्यों में से एक के उस समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित करेगी।

(5) अध्यक्ष के पद का कार्यकाल एक वर्ष होगा, किन्तु वह अपना उत्तराधिकारी चुने जाने तक पद धारण करेगा और पुनर्निवाचन के लिए पात्र होगा।

(6) नगरपालिका परिषद् का सदस्य रह जाने पर अध्यक्ष तुरन्त अपना पद रिक्त कर देगा।

(7) अध्यक्ष के पद की उसकी पदावधि के समाप्त हाने के पूर्व त्याग–पत्र या अन्यथा किसी कारण से रिक्त हो जाने की दशा में कक्ष समिति, रिक्त होने के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र, उपधारा (4) के अनुसार नये अध्यक्ष का निर्वाचन करेगी :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 74 द्वारा बढाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 35 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 35 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}₄ नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 4–7}

प्रतिबन्ध यह है कि इस प्रकार निर्वाचित अध्यक्ष केवल उस अवशेष अवधि के लिए पद धारण करेगा जिसके लिए वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर उसे निर्वाचित किया गया है, यह धारण करेगा, जिसके लिए वह व्यक्ति, जिसके स्थान पर उसे निर्वाचित किया गया है, पद धारण करता यदि ऐसी रिक्ति न हुई होती।

(8) कक्ष समिति का कार्यकाल नगरपालिका परिषद् की अवधि के साथ समाप्त होगा।

(9) इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए कक्ष समिति ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगी, जो नियमों द्वारा विहित किए जाएं।}₅

अधिसूचना जारी करने की प्रारम्भिक प्रकिया

4–– (1) {धारा 3 में निर्दिष्ट}₆ अधिसूचना जारी होने के पूर्व, {राज्यपाल}₁ सरकारी गजट में और सार्वजनिक नोटिस के प्रकाशन के प्रयोजनार्थ उसके द्वारा अनुमोदित ऐसे समाचार–पत्र में जो उस जिले में प्रकाशित होता हो अथवा जिले में यदि ऐसा समाचार–पत्र न हो तो उस डिवीजन में जिसमें अधिसूचना के अन्तर्गत आने वाला स्थानीय क्षेत्र स्थित हो, प्रकाशित होने वाले समाचार–पत्र में, प्रस्तावित अधिसूचना की हिन्दी प्रारूप ऐसे नोटिस के साथ प्रकाशित करेगी, जिसमें यह वर्णित होगा कि उक्त प्रारूप पर उस अवधि की समाप्ति पर जैसा उक्त नोटिस में उल्लिखित हो, विचार किया जायेगा और उसे जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में तथा सम्बन्धित स्थानीय क्षेत्र के भीतर या उससे आसन्न एक या अधिक प्रमुख स्थानों में, चिपकवा देगी; और

(2) {राज्यपाल}₁ अधिसूचना जारी करने के पूर्व किसी ऐसी लिखित आपत्ति या सुझाव पर विचार करेगा, जो उसे किसी व्यक्ति से उक्त प्रारूप के सम्बन्ध में, विवर्णित अवधि के भीतर प्राप्त हो।

{संक्रमणशील क्षेत्र लघुत्तर नगरीय क्षेत्र}₂ में किसी क्षेत्र को सम्मिलित करने का प्रभाव

5–– {जब धारा 3 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट अधिसूचना द्वारा राज्यपाल किसी क्षेत्र अथवा को किसी {संक्रमणशील क्षेत्र अथवा लघुत्तर नगरीय क्षेत्र}₂ में सम्मिलित करे}₇ तो वह क्षेत्र एतद्द्वारा उन सभी अधिसूचनाओं, नियमों, विनियमों, उपविधियों, आदेशों और निदेशों के अधीन सम्मिलित किए गए या बनाए गए हों और जो उक्त क्षेत्र को सम्मिलित करने के तुरन्त पूर्व सम्पूर्ण {संक्रमणशील क्षेत्र अथवा लघुत्तर नगरीय क्षेत्र}₂ में प्रवृत्त रहे हों।

6–– {***}₃

नगरपालिका कर्तव्य

7–– (1) प्रत्येक नगरपालिका का यह कर्तव्य होगा कि वह {नगरपालिका क्षेत्र के बोर्ड के भीतर}[8] निम्नलिखित व्यवस्था करे ––

(क) सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर रोशनी;

(ख) सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर पानी;

{(खख) नगरपालिका की सीमा का सर्वेक्षण करना और सीमा चिन्ह लगाना;}[9]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 75 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 76 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 77 द्वारा मिटाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 36 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 37 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 38 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 39 द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) सार्वजनिक सड़कों, स्थानों और नालियों की सफाई करना, हानिकर वनस्पति को हटाना और समस्त लोक न्यूसेंस का उपशमन करना;

(घ) संतापकारी, खतरनाक या आपत्तिजनक व्यापार, आजीविका या प्रथा का विनियमन करना;

{(घघ) आवारों कुत्तों तथा खतरनाक पशुओं को परिरूद्ध करना, हटाना या नष्ट करना;}[1]

(ङ) लोक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा के आधार पर सड़कों या सार्वजनिक स्थानों में अवांछनीय अवरोध और प्रक्षेप हटाना;

(च) खतरनाक भवनों या स्थानों को सुरक्षित बनाना या हटाना;

(छ) मृतकों के निस्तारण के लिए स्थान अर्जित, अनरुक्षित, परिवर्तित और विनियमित अदावाकृत शवों के पुलिस से लिखित रूप में यह अभिनिश्चित करने के पश्चात् कि ऐसा करने में कोई आपत्ति नहीं है, निस्तारण का प्रबन्ध करना;

(ज) सार्वजनिक सड़कों, पुलियों, बाज़ारों, वधशालाओं, शौचालयों, संडासों, मूत्रालयों, नालियों, जलोत्सारण निर्माणकार्यों तथा सीवर व्यवस्था सम्बन्धी निर्माण कार्यों का निर्माण, परिवर्तन और अनुरक्षण करना;

{(जज) घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए जलपूर्ति उपलब्ध कराना;}[2]

(झ) सड़क के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों में वृक्ष लगाना और उनका अनुरक्षण करना;

(ञ) ऐसे स्थानों में, जहां वर्तमान जल संभरण के अपर्याप्त या अस्वास्थ्यप्रद होने से वहां के निवासियों के स्वास्थ्य को संकट हो, शुद्ध और स्वास्थ्यप्रद जल के पर्याप्त संभरण की व्यवस्था करना, मनुष्यों के उपभोग के लिए प्रयुक्त होने वाले जल को प्रदूषित होने से बचाना और प्रदूषित जल के ऐसे उपयोग को रोकना;

{(ञञ) जल सभरण के किसी अन्य स्रोत के अतिरिक्त, सार्वजनिक कुओं को यदि कोई हो, ठीक हालत में रखना, उनके जल को प्रदूषित होने से बचारा और उसे मनुष्यों के उपयोग के योग्य बनाये रखना;}[1]

(ट) जन्म और मरण का रजिस्ट्रीकरण;

(ठ) सार्वजनिक टीका लगाने की प्रणाली की स्थापना और उसका अनुरक्षण या उन्हें सहायता प्रदान करना;

(ड) सार्वजनिक चिकित्सालयों और औषधालयों की स्थापना, उनका अनुरक्षण या उनकी सहायता करना और सार्वजनिक चिकित्सा सम्बन्धी सहायता की व्यवस्था करना;

{(डड) प्रसूति केन्द्रों, शिशु कल्याण और जन्म नियंत्रण क्लीनिकों की स्थापना, अनुरक्षण और सहायता करना और जनसंख्या नियंत्रण, परिवार कल्याण और छोटे परिवार के मान का संवर्द्धन करना;}3

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 78 (क) द्वारा बढाया गया। 3. उपर्युक्त की धारा 78 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 8}

(ढ) पशु चिकित्सालयों का अनुरक्षण करना या अनुरक्षण हेतु उन्हें सहायता प्रदान करना;

{(ढढ) शारीरिक संवर्धन की संस्थाओं की स्थापना और उसका अनुरक्षण या उन्हें सहायता प्रदान करना;}1

(ण) प्राथमिक स्कूलों की स्थापना और उनका अनुरक्षण करना;

(त) आग बुझाने में सहायता देना और आग लगने पर जीवन तथा सम्पत्ति की रक्षा करना;

(थ) बोर्ड में निहित या उसके प्रबन्ध में सौंपी गई सम्पत्ति की सुरक्षा करना, उसका अनुरक्षण और विकास करना;

{(थथ) {नगरपालिका}2 की वित्त को संतोषप्रद स्थिति में बनाए रखना और उसके दायित्वों को पूरा करना;}1

(द) शासकीय पत्रों पर तत्काल ध्यान देना और विवरणियां, विवरण और रिपोर्ट तैयार करना, जिन्हें राज्य सरकार {नगरपालिका}2 से प्रस्तुत करने की अपेक्षा करे; और

(ध) विधि द्वारा उस पर अधिरोपित किसी बाध्यता की पूर्ति करना;

{(न) चर्मशोधन शालाओं को विनियमित करना;

(प) पार्किंग स्थल, बस स्टाप और जन सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण करना;

(फ) नगरीय वानिकी और पारिस्थितिकी पहुलओं की अभिवृद्धि और पर्यावरण का संरक्षण करना;

(ब) समाज के दुर्बल वर्गों के जिनके अन्तर्गत विकलांग और मानसिक रूप से मन्द व्यक्ति हैं, हितों का संरक्षण करना;

(भ) सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सौंदर्यपरक पहलुओं की अभिवृद्धि करना;

(म) कांजी हाऊस, का निर्माण और अनुरक्षण करना और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण करना;

(य) गन्दी–बस्ती सुधार और उन्नयन;

(य–क) नगरीय निर्धनता कम करना;

(य–ख) नगरीय सुख–सुविधाओं और सुविधाओं, जैसे कि पार्क, उद्यान और खेल के मैदानों की व्यवस्था करना।}3

{***}

{नगरपालिका}2 के कृत्य

8–– (1) {नगरपालिका}2 की सीमाओं के भीतर और विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से वैवेकिक ऐसी सीमाओं के बाहर, निम्नलिखित के लिए व्यवस्था कर सकता है :–

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 78 (ग) द्वारा बढाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 8}

(क) उन क्षेत्रों में, जिनमें चाहे पहले के निर्माण किया गया हो या नहीं नवीन सार्वजनिक सड़कों का विन्यास और इस प्रयोजन के लिए तथा भवनों और उनके अहातों के निर्माताओं के लिए जो ऐसी सडकों से संसक्त हो, भूमि अर्जित करना;

{(कक) मास्टर प्लान तैयार करना और उसे निष्पादित करना;}1

(ख) {***}[3] पुस्तकालय, संग्रहालय, वाचनालय, रेडियो संग्राहों केन्द्र कुष्ठाश्रम, अनाथालय, शिशु सदन और महिला उद्वार–गृह, पागलखाना हाल, कार्यालय धर्मशाला, विश्राम–गृह, दुग्धशाला, स्नानागार, स्नान–घाट, धोबियों के धुलाई–स्थल, पीने के पानी का स्रोत (डिकिंग फाउंटेन) तालाब, कुआं, बांध तथा अन्य लोकोपयोग निर्माण कार्यों का निर्माण, उनकी स्थापना तथा उनका अनुरक्षण में अंशदान देना;

(ग) {***}[1]

(घ) प्राथमिक स्कूलों की स्थापना और उनके अनुरक्षण से भिन्न उपायों द्वारा शैक्षिक उद्देश्यों का प्रसार करना;

(ङ) जनगणना करना और ऐसी सूचना के लिए इनाम देना, जिससे जन्म–मरण के आंकडों का सही रजिस्ट्रीकरण सुनिश्चित हो सके;

{(ङङ) ऐसी सूचना के लिए इनाम देना, जिससे इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित कर के अपवर्चन का या नगरपालिका में निहित या उसके प्रबन्ध या नियंत्रण में सौंपी गई सम्पत्ति को हानि पहुंचाने या उस पर अधिक्रमण करने का पता लगे;}[2]

(च) {***}[1]

(छ) स्थानीय विपत्ति पड़ने पर सहायता कार्यों की स्थापना और उनका अनुरक्षण करके या अन्य प्रकार से सहायता करना;

(ज) {***}[1]

(झ) धारा 298 के शीर्षक 'छ' के उपशीर्षक (क) के अधीन उल्लिखित किसी व्यापार या निर्माण के कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त करना या प्राप्त करने में सहायता देना;

(ञ) सीवेज के निस्तारण के लिए फार्म या कारखाना स्थापित करना और उसका अनुरक्षण करना;

{(ञञ) विष्ठा और कूड़ा–करकट से कम्पोस्ट खाद तैयार करने के लिए प्रबन्ध करना;}[2]

(ट) ट्राम मार्ग, रेल पथ या संचालन के अन्य साधनों और बिजली या गैस की रोशनी या विद्युत या गैस के शक्ति संक्रम का निर्माण करना, उन्हें सहायता देना या उनको प्रत्याभूति देना;

{(टट) पर्यटक यातायात की अभिवृद्धि करना;

(ठ) मेले और प्रदर्शनियां लगाना;

(ठठ) गृह और नगर नियोजन योजनाएं तैयार करना और उनका निष्पादन;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित तथा निकाला गया।
2. उपर्युक्त की धारा द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 79(क) द्वारा निकाला गया। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ठठठ) व्यापार और उद्योग की अभिवृद्धि के लिए उपाय करना;

(ठठठठ) दुग्ध संभरण;

(ठठठठठ) अपने कर्मचारियों के लिए श्रम कल्याण केन्द्र स्थापित करना और ऐसे कर्मचारियों के किसी एसोसियेशन संघ या क्लब की सामान्य उन्नति के लिए अनुदान अथवा ऋण देकर उसके कार्यकलापों में सहायता देना;

(ठठठठठठ) नगरपालिका संघों को संगठित करना और उन्हें अंशदान देना;}[1]

(ड) धारा 7 में या इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों में विनिर्दिष्ट उपायों से भिन्न ऐसे उपाय करना, जिनसे लोक सुरक्षा, स्वास्थ्य या सुविधा में अभिवृद्धि होने की संभावना हो; और

{(डड) अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों की सामाजिक निर्योग्यताओं की ऐसी रीति से दूर कराना, जो विहित की जाए}[3]

{(डडड) भिक्षा–वृत्ति पर नियंत्रण के लिए उपाय करना;}[1]

(ढ) कोई ऐसा कार्य करना, जिसके सम्बन्ध में व्यय राज्य सरकार द्वारा या {नगरपालिका द्वारा}[4] विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से, नगरपालिका निधि पर समुचित प्रभार घोषित किया जाय :

परन्तु यह कि राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा किसी नगरपालिका या समस्त नगरपालिकाओं के सम्बन्ध में यह घोषणा कर सकती है कि इस धारा में उल्लिखित कोई भी कृत्य सम्बद्ध नगरपालिका या नगरपालिका का कर्तव्य होगा और तदुपरान्त इस अधिनियम के उपबन्ध उस पर लागू होंगे मानों वह धारा 7 द्वारा अधिरोपित कोई कर्तव्य हो।

(2) नगरपालिका, नगरपालिका की सीमाओं से परे किसी नगरपालिका उपक्रम की प्रसुविधाओं के विस्तार के लिए व्यवस्था कर सकता है :

परन्तु यह कि किसी ऐसे स्थानीय क्षेत्र में, जिसमें किसी छावनी का सम्पूर्ण या उसका कोई भाग समाविष्ट तथा अन्तर्विष्ट हो, जल सम्भरण के लिए किसी नगरपालिका उपक्रम की प्रसुविधाओं के विस्तार के लिए केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना, कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।

(3) {***}[2]

8–क–– {***}[5]

[6]{9–– किसी नगरपालिका में एक अध्यक्ष और –– नगरपालिका की संरचना

{(क) निर्वाचित सदस्य, जिनकी संख्या 4 से कम और 45 से अधिक नहीं होगी, जैसा कि राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे;}[8]

1. उ0 प्र0 अधिनियम सं0 07 वर्ष 1949 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1964 द्वारा निकाला तथा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 79(ख) द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 80 द्वारा निकाला गया।
6. उपर्युक्त की धारा 81 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 8. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) पदेन सदस्य, जिसमें लोकसभा और राज्य विधान सभा के ऐसे समस्त सदस्य सम्मिलित है, जो उन निवर्चन क्षेत्रों का प्रनिधित्व करते हैं, जिसमें पूर्णतः या भागतः नगरपालिका क्षेत्र समाविष्ट है;

(ग) पदेन सदस्य, जिसमें राज्य सभा और राज्य विधान परिषद् के ऐसे समस्त सदस्य सम्मिलित है, जो नगरपालिका क्षेत्र के भीतर निर्वाचकों के रूप में रजिस्टीकृत है;

{(घ) नाम–निर्दिष्ट सदस्य, जो राज्य सरकार द्वारा, सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा, नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से नामित किये जायेंगे और जिनकी संख्या ––

(एक) नगर पंचायत की दशा में, दो से कम और सात से अधिक नहीं होगी;

(दो) नगरपालिका परिषद् की दशा में तीन से कम और नौ से अधिक नहीं होगी;

परन्तु यह कि राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जाने वाले सदस्यों में निम्न वर्ग को अनिवार्य रूप से प्रतिनिधित्व प्रदान किया जायेगा–

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति,

(2) महिला,

(3) अन्य पिछड़ा वर्ग,

(4) अल्पसंख्यक समुदाय।}[8]

(ङ) धारा 104 के अधीन स्थापित समितियों के अध्यक्ष, यदि स्थाई हों, यदि वे किन्हीं पूर्वगामी खण्डों के अधीन सदस्य न हों :

प्रतिबंध यह है कि खण्ड (घ) में निर्दिष्ट व्यक्तियों को नगरपालिका की बैठकों में मत देने का अधिकार नहीं होगा :

किन्तु अग्रेत्तर प्रतिबंध यह है कि खण्ड (क) से (ङ) में निर्दिष्ट श्रेणी के सदस्यों में किसी रिक्त से किसी नगरपालिका के गठन या पुनर्गठन में कोई बाधा नहीं पड़ेगी।}[1]

स्थानों का आरक्षण

{9–क–– (1) प्रत्येक नगरपालिका में स्थान {अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों}[3] के लिए आरक्षण किए जायेंगे और इस प्रकार आरक्षित स्थानों के संख्या उस नगरपालिका में सीधे निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या के उसी अनुपात में होगी, जैसी कि नगरपालिका क्षेत्र में अनुसूचित जातियों की {या नगरपालिका क्षेत्र में पिछड़े वर्गों की}[4] जनसंख्या का अनुपात उस क्षेत्र की कुल जनसंख्या में हो और ऐसे स्थान किसी नगरपालिका में विभिन्न कक्षों को चक्रानुक्रम द्वारा ऐसे क्रम में, जैसा नियमों द्वारा विहित किया जाए, आवंटित किये जा सकेंगे :

{प्रतिबन्ध यह है कि नगरपालिका में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण कुल स्थानों की संख्या के {चौदह}[7] प्रतिशत से अधिक नहीं होगा :

अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि यदि पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के आंकडे उपलब्ध न हो तो नियमों द्वारा विहित रीति से सर्वेक्षण करके उनकी जनसंख्या अवधारित की जा सकती है।}[5]

(2) { *** }[6]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 81 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 40 (क) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 40 (क) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 40 (क) (तीन) द्वारा बढ़ाया गया।
6. उपर्युक्त की धारा 40 (ख) द्वारा निकाला गया।
7. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 09 वर्ष 2014 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{उत्तर प्रदेश}[4] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 10–10क}

(3) {उपधारा 1}[5] के अधीन आरक्षित स्थानों के कुल संख्या के एक तिहाई से अन्यून स्थान यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों की स्त्रियों के लिए आरक्षित किये जायेंगे।

(4) किसी नगरपालिका में स्थानों की कुल संख्या उपधारा (3) के अधीन आरक्षित स्थानों को सम्मिलित करते हुए, के एक तिहाई से अन्यून स्थान स्त्रियों के लिए आरक्षित किए जायेंगे और ऐसे स्थान किसी नगरपालिका में विभिन्न कक्षों को चक्रानुक्रम द्वारा, ऐसे क्रम में, जैसा नियमों द्वारा विहित किया जाये, आवंटित किए जा सकेंगे।

(5) राज्य में नगरपालिकाओं के अध्यक्ष {एवं उपाध्यक्ष}[6] के पद अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों और स्त्रियों के लिए ऐसी रीति में आरक्षित किए जायेंगे, जो नियमों द्वारा विहित की जाय :

{परन्तु यह कि यदि किसी नगर निगम के नगर प्रमुख का पद आरक्षित हो तो उस नगर निगम के उप नगर प्रमुख का पद आरक्षित नहीं होगा।}[7]

(6) इस धारा के अधीन स्थानों और अध्यक्षों के पदों का अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 334 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर प्रभाव में नहीं रह जायेगा।

स्पष्टीकरण–– यह स्पष्ट किया जाता है कि इस धारा की कोई भी बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडे वर्गों के व्यक्तियों और स्त्रियों को अनारक्षित स्थानों या पदों के लिए चुनाव लड़ने से निवारित नहीं करेगी।}[1]

10–– {***}[2]

नगरपालिका का कार्यकाल

{10–क–– (1) प्रत्येक नगरपालिका, जब तक कि धारा 30 के अधीन पहले ही

विघटित न कर दी जाये, उसकी पहली बैठक के लिए नियत दिनांक से पांच वर्ष तक, न कि उससे अधिक बनी रहेगी।

(2) किसी नगरपालिका को गठित करने के लिए निर्वाचन––

(क) उपधारा (1) के विनिर्दिष्ट कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व; या

(ख) उसके विघटित होने के दिनांक से छः माह की अवधि के समाप्ति के पूर्व पूरा किया जायेगा :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि जहां शेष अवधि जिसके लिए विघटित नगरपालिका बनी रहती है, छः मास से कम है, वहां ऐसी अवधि के लिए नगरपालिका गठित करने के लिए इस धारा के अधीन कोई निर्वाचन करना आवश्यक नहीं होगा।

(3) किसी नगरपालिका के अवसान के पूर्व उसके विघटन पर गठित नगरपालिका केवल उस शेष अवधि के लिए बनी रहेगी, जिसके लिए इस प्रकार विघटित नगरपालिका उपधारा (1) के अधीन उस दशा में बनी रहेगी, यदि उसे विघटित नहीं किया गया होता।}[3]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 81 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 82 द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 83 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 40(ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3 वर्ष 1996 के अध्याय–तीन की धारा 3(क) द्वारा अन्तर्विष्ट। 7. उपर्युक्त की धारा 3 (ख) द्वारा अन्तर्विष्ट।

{{उत्तर प्रदेश}[6] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 11ख–12ख}

{(4) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में अन्तर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, जहां अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण अथवा जनहित में किसी नगरपालिका का, उसके कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व, गठन हेतु निर्वाचन कराया जाना व्यवहारिक न हो, वहां ऐसी नगरपालिका परिषद्/नगर पंचायत के विधिवत् गठित होने तक, नगरपालिका परिषद् /नगर पंचायत की समस्त शक्तियों, कृत्यों एवं कर्तव्यों का प्रयोग एवं कार्यान्वयन, जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त नियुक्त ऐसे राजपत्रित अधिकारी, जो उप जिलाधिकारी के स्तर से नीचे का न हो, द्वारा किया जायेगा तथ ऐसा जिला मजिस्ट्रेट अथवा अधिकारी, 'प्रशासक' कहलायेगा और ऐसे प्रशासक को विधिक रूप में नगरपालिका परिषद्/नगर पंचायत, अध्यक्ष या समिति, जैसा भी अवसर के अनुसार अपेक्षित हो, समझा जायेगा :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि इस धारा के अधीन नियुक्त प्रशासक के कार्यकाल की अवधि छः मास या नये बोर्ड के गठन तक, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।}[8]

10–कक–– {***}[9]

11–– {***}[1]

{11–क–– (1) किसी नगरपालिका के सदस्यों के निर्वाचन के प्रयोजनार्थ प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में, जिन्हें कक्ष कहा जायेगा, ऐसी रीति में विभाजित किया जायेगा कि जहां तक सम्भव हो सके, प्रत्येक कक्ष की जनसंख्या सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र में एक समान हो। कक्षों का परिसीमन

(2) नगरपालिका में प्रत्येक कक्ष का प्रतिनिधित्व एक सदस्य द्वारा किया जायेगा :}[2]

11–ख–– (1) राज्य सरकार, आदेश द्वारा निम्नलिखित का अवधारण करेगी –– परिसीमन आदेश

{(क) कक्षों की संख्या, जिनमें प्रत्येक नगरपालिका बोर्ड के निर्वाचन के प्रयोजनों के लिए विभाजित किया जायेगा;}[3]

(ख) प्रत्येक कक्ष का विस्तार;

(ग) {***}[4]

{(घ) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों और स्त्रियों के लिए आरक्षित किये जाने वाले स्थानों की संख्या;}[5]

(2) उपधारा (1) के आदेश का प्रारूप {कम से कम सात दिन की अवधि के लिए प्रकाशित किया जायेगा ।}7

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 84 द्वारा निकाला गया। 2. उपर्युक्त की धारा 85 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 86 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 86 (ख) द्वारा निकाला गया।
5. उपर्युक्त की धारा 86 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 7. उपर्युक्त की धारा 41 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 03 वर्ष 2008 की धारा 2 द्वारा बढ़ाया गया।
9. उपर्युक्त की धारा 3 द्वारा निकाला गया।

(3) राज्य सरकार, उपधारा (2) के अधीन प्रस्तुत की गई आपत्तियों {***}5 पर विचार करेगी और आदेश का प्रारूप यदि आवश्यक हो, तद्नुसार संशोधित, परिवर्तित या उपान्तरित किया जायेगा और तदुपरान्त वह अन्तिम हो जायेगा।

परिसीमन आदेश का संशोधन

11–ग–– {(1)}6 राज्य सरकार सम्बन्धित {नगरपालिका}3 से परामर्श करने के पश्चात् एक पश्चात्वर्ती आदेश द्वारा 11–ख की उपधारा (3) के अधीन दिए गए आदेश को परिवर्तित या संशोधित कर सकेगी।

{(2) उपधारा (1) के अधीन किसी आदेश के परिवर्तन या संशोधन के लिए धारा 11–ख की उपधारा (2) और (3) के उपबन्ध आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।}6

12–– {***}1

निर्वाचक नामावली

सदस्यों का निर्वाचन

{12–क –– किसी {नगरपालिका}3 के सदस्य इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित किये जायेंगे।

प्रत्येक कक्ष के लिए निर्वाचक नामावली

12–ख–– (1) प्रत्येक कक्ष के लिए एक निर्वाचक नामावली होगी, जो राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार तैयार की जायेगी।

{(2) उपधारा (1) के अधीन रहते हुए प्रत्येक कक्ष के लिए निर्वाचक नामावली निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय) के पर्यवेक्षण के अधीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के नियमों द्वारा विहित रीति से तैयार और प्रकाशित की जायेगी।

(2–क) उपधारा (2) के निर्दिष्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थानीय निकाय) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी होंगे, जैसा राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सरकार के परामर्श से, इस निमित्त नाम–निर्दिष्ट या पदाभिहित करे।

(2–ख) निर्वाचक नामावली के प्रकाशन पर यह, इस अधिनियम के द्वारा या अधीन किए गए किसी परिवर्तन, परिवर्धन या उपान्तर के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के अनुसार कक्ष के लिए तैयार की गई निर्वाचक नामावली होगी।}7

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा निरसित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 25 वर्ष 1983 के अध्याय–दो की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 41 (ख) द्वारा निकाला गया।
6. उपर्युक्त की धारा 42 द्वारा पुनर्संख्यांकित तथा बढ़ाया गया।
7. उपर्युक्त की धारा 43 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) इस अधिनियम में दी गई किसी बात के होते हुए भी {निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी}4 किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली तैयार करने के प्रयोजन के लिए तत्समय प्रवृत्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अधीन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तैयार की गई निर्वाचक नामावली को {राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार}5 अपना सकता है, जहां तक उसका सम्बन्ध इस कक्ष के क्षेत्र से हो :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे कक्ष के लिए निर्वाचक नामावली में ऐसे कक्ष के निर्वाचन के लिए नाम–निर्देशन के अन्तिम दिनांक के पश्चात् और उस निर्वाचन के पूर्ण होने के पूर्व किसी संशोधन, परिवर्तन या शुद्धि को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।}[2]

निर्वाचकों के लिए अर्हता

[1]{12–ग–– धारा 12–घ और 12 ङ के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक व्यक्ति जिसने उस वर्ष की, जिसमें निर्वाचक नामावली तैयार या पुनरीक्षित की जाय, पहली जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और जो कक्ष के क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी हो, कक्ष की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण का हकदार होगा ––

स्पष्टीकरण–– (एक) किसी व्यक्ति के संबंध में केवल इसी कारण कि कक्ष के क्षेत्र में उसका किसी निवास गृह पर स्वामित्व या कब्जा है, यह न समझा जायगा कि वह वहाँ मामूली तौर से निवासी है;

(दो) अपने मामूली निवास–स्थान से अपने आपको अस्थायी रूप से अनुपस्थित रखने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में केवल इसी कारण यह न समझा जायेगा कि वह वहां मामूली तौर से निवासी नहीं रहा;

(तीन) संसद या राज्य विधान मण्डल का सदस्य ऐसे सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों के सम्बन्ध में कक्ष के क्षेत्र से अनुपस्थित रहने मात्र के कारण, अपनी पदावधि के दौरान उस क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी होने से परिविरत नहीं समझा जायेगा;

(चार) यह विनिश्चय करने के लिए कि किन व्यक्तियों को किसी सुसंगत समय पर किसी विशिष्ट क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी समझा जाय या न समझा जाय, किन्हीं अन्य तथ्यों पर, जिन्हें विहित किया जाय, विचार किया जायेगा;

(पांच) यदि किसी मामले में यह प्रश्न उठे कि किसी सुसंगत समय पर कोई व्यक्ति मामूली तौर से वहां का निवासी है तो उस प्रश्न का अवधारण मामले के सभी तथ्यों के निर्देश में किया जायेगा।

निर्वाचन नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए अनर्हताएं

12–घ–– (1) कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए अनर्ह होगा, यदि वह ––

(एक) भारत का नागरिक न हो; या

(दो) विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो; या

(तीन) निर्वाचन सम्बन्धी भ्रष्ट आचारण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तत्समय अनर्ह हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 15 द्वारा धारा ग से ज तक बढ़ाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 87 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 43 (ख) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 43 (ख) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) जो व्यक्ति रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् उपधारा (1) के अधीन अनर्ह हो जाय, उसका नाम उस निर्वाचक नामावली से तत्काल काट दिया जायेगा, जिसमें वह दर्ज है :

किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि किसी व्यक्ति के नाम को, जो ऐसी किसी अनर्हता के कारण निर्वाचक नामावली से काट दिया गया हो, उस नामावली में तत्काल फिर से रख दिया जायेगा, यदि ऐसी अनर्हता उस अवधि के दौरान, जिसमें ऐसी नामावली प्रवृत्ति रहती है, किसी ऐसी विधि के अधीन हटा दी जाती है, जो ऐसा हटाना प्राधिकृत करती है।

रजिस्ट्रीकरण केवल एक कक्ष में होगा

12–ङ–– (1) कोई व्यक्ति एक से अधिक कक्ष की निर्वाचक नामावली में या एक ही कक्ष की निर्वाचक नामावली से एक से अधिक बार रजिस्ट्रीकरण का हकदार न होगा।

(2) कोई व्यक्ति किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण का हकदार नहीं होगा, यदि उसका नाम किसी नगर, अन्य {नगरपालिका क्षेत्र छावनी या ग्राम पंचायत का क्षेत्र}[1] से सम्बन्धित किसी निर्वाचक नामावली में दर्ज हो, जब तक कि वह यह दर्शित न करे कि उसका नाम ऐसी निर्वाचक नामावली से काट दिया गया है।

निर्वाचक नामावलियों में सुधार

{12–च–– (1) जहां निर्वाचक, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का चाहे उसको दिए गए किसी आदेश पत्र पर या स्वप्रेरणा से ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह उचित समझे, यह समझाया हो आदेश निर्वाचक नामावली की कोई प्रविष्टि सुधारी या निष्कासित की जानी चाहिए या रजिस्ट्रीकरण के लिए हकदार किसी व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में परिवर्धन किया जाना चाहिए वहां वह इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों और दिए गए आदेशों के अधीन रहे हुए, किसी प्रविष्टि का, यथास्थिति निष्कासन, सुधार या परिवर्धन करेगा :

परन्तु ऐसा कोई सुधार, निष्कासन या परिवर्धन, कक्ष के किसी निर्वाचन के लिए नामांकन देने के अन्तिम दिनांक के पश्चात् और इस निर्वाचन के पूरा होने के पूर्व नहीं किया जायेगाः

परन्तु यह भी कि कोई सुधार या निष्कासन, जो किसी व्यक्ति के हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो उसके विरूद्ध प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना, नहीं किया जायेगा।

(2) निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलित करने, निष्कासित करने या सुधार करने के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के किसी आदेश के विरूद्ध अपील ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से और ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी को, जिसे नियमों द्वारा विहित किया जाय, प्रस्तुत की जायेगी।}[5]

निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण

12–छ–– {राज्य निर्वाचन आयोग}[2] यदि वह सामान्य या उप–निर्वाचन के प्रयोजन के लिए ऐसा करना आवश्यक समझे, किसी कक्ष की निर्वाचक नामावली का ऐसी रीति से, जिसे वह उचित समझे, {***}[3] पुनरीक्षण करने का निर्देश दे सकता है :

प्रतिबन्ध यह है कि इस अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, कक्ष को निर्वाचक नामावली, जैसी कि वह कोई ऐसा निदेश दिए जाने के समय प्रवृत्त बनी रहेगी, जब तक कि इस प्रकार निदेशित {***}[3] पुनरीक्षण पूरा न हो जाय।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 88 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 90 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 90 (ख) द्वारा निकाला गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उपर्युक्त की धारा 44 द्वारा प्रतिस्थापित।

निर्वाचक नामावली सम्बन्धी आदेश

12–ज–– {जहां तक निम्नलिखित में से किसी के सम्बन्ध में इस नियम या तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा उपबन्ध किया जाये, राज्य निर्वाचन आयोग}[6] निर्वाचक नामावलियों से सम्बद्ध निम्नलिखित विषयों के बारे में, आदेश द्वारा उपबन्ध बना सकती है, अर्थात् :––

(क) दिनांक, जिस पर इस अधिनियम के अधीन प्रथमतः तैयार की गई और तत्पश्चात् तैयार की गई निर्वाचक नामावलियां प्रवृत्त होंगी और उनके प्रवर्तन की अवधि;

(ख) सम्बन्धित निर्वाचक के आवेदन–पत्र पर निर्वाचक नामावली में किसी वर्तमान प्रविष्टि को ठीक करना;

(ग) निर्वाचक नामावलियों में लिपिकीय या मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों को ठीक करना;

(घ) निर्वाचक नामावलियों में किसी ऐसे व्यक्ति का नाम सम्मिलित करना ––

(एक) जिसका नाम कक्ष से सम्बद्ध क्षेत्र की विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो किन्तु उस कक्ष की निर्वाचक

नामावली में सम्मिलित न हो या जिसका नाम गलती से किसी अन्य कक्ष की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कर लिया गया हो; या

(दो) जिसका नाम इस प्रकार की विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं हो किन्तु जो कक्ष की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए अन्यथा अर्ह हो;

(ङ) {***}3

(ङङ) नाम सम्मिलित करने या निकालने के लिए आवेदन–पत्रों पर देय फीस;

(च) निर्वाचक नामावलियों की अभिरक्षा और उसका परिरक्षण; और

(छ) सामान्यतया ऐसे सभी विषय, जो निर्वाचक नामावली तैयार करने और प्रकाशित करने से सम्बद्ध हो।}2

13–– {***}1

निर्वाचन का संचालन

सामान्य निर्वाचन

{13–क–– धारा 31–क में यथाउपबन्धित के सिवाय राज्य सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श से, सरकारी गजट में विज्ञप्ति द्वारा, किसी नगरपालिका के सामान्य निर्वाचन हेतु एक या उससे अधिक दिनांक नियत कर सकती है।}4

निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण इत्यादि

{13–ख–– {(1)}7 नगरपालिकाओं के सभी निर्वाचनों का अधीक्षण निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग करेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा निरसित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 35 वर्ष 1978 के अध्याय–तीन की धारा 15 द्वारा धारा ग से ज तक बढ़ाया गया। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 91(ख) द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 92 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 45 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा पुनर्संख्यांकित।

{(2) उपधारा (1) के अधीन रहते हुए उपधारा 12–ख) की उपधारा (2–क) में निर्दिष्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी (नगर स्थनीय निकाय) नगरपालिकाओं के सामान्य निर्वाचनों के संचालन का पर्यवेक्षण करेगा।}4

{{(3) राज्य निर्वाचन आयोग सभी निर्वाचनों में प्रत्येक प्रत्याशी से नामांकन पत्र के साथ उसकी पृष्ठभूमि के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाओं के साथ अन्य सूचनाएं, जैसा आवश्यक समझे, का शपथ पत्र के साथ घोषणा पत्र प्राप्त करेगा और मतदाताओं को उसकी जानकारी कराने के लिए खण्ड (ग) तथा (ङ) की सूचनाओं को छोड़कर सार्वजनिक करायेगा :–}6

(क) क्या यह अतीत में किसी अपराधिक मामले में दोषी पाया गया है? दोष मुक्त हुआ है? आरोप से उन्मोचित हुआ है? या दोषी पाये जाने की स्थिति में उसे दण्ड या अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है?

(ख) नामांकन भरने से छः माह पूर्व क्या अभ्यर्थी किसी ऐसे लम्बित मामले में अभियुक्त रहा है, जिसमें दो वर्ष या अधिक की सजा हो सकती है एवं मामले में आरोप निर्धारित हो चुके हों या न्यायालय ने संज्ञान में लिया हो, का विवरण;

(ग) वह और उसके पति या पत्नी तथा आश्रितों की चल, अचल सम्पत्तियों, बैंक बैलेंस आदि से सम्बन्धित पूर्ण सूचना;

(घ) इस पर देनदारियों विशेषकर उसके द्वारा किसी सार्वजनिक वित्तीय संस्थान या सरकार की अवशेष राशि का समय से भुगतान न करने की दशा में उसका पूर्ण विवरण;

(ङ) उसकी आय के साधन तथा वर्तमान मासिक/वार्षिक आय का पूर्ण विवरण;

(च) वह विवाहित अथवा अविवाहित;

(छ) उसके कुल बच्चों की संख्या और उनकी आयु व शिक्षा पर व्यय का विवरण;

(ज) उसकी आयकर तथा भूमि–भवनकर, प्रक्षेपकर/शुल्क के रूप में भुगतान की जाने वाली वार्षिक धनराशि का पूर्ण विवरण; और

(झ) उसकी शैक्षिक योग्यता का विवरण।}5

सदस्यता के लिए अर्हताएं

{13–ग–– कोई व्यक्ति सदस्य के रूप में चुने जाने और बने रहने के लिए अर्ह नहीं होगा जब तक कि ––

(क) वह {नगरपालिका}1 में किसी कक्ष के लिए निर्वाचक न हो;

(ख) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों और स्त्रियों के लिए आरक्षित किसी स्थान की दशा में, वह यथास्थिति, उक्त श्रेणी का व्यक्ति न हो;

(ग) उसने एक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो;}2

(घ) {***}7

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 93 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा बढ़ाया गया।
5. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2003 की धारा 2 द्वारा बढ़ाया गया।
7. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 03 वर्ष 2008 की धारा 4 द्वारा निकाला गया।

{{उत्तर प्रदेश}4 नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 13 घ}

सदस्यता के लिए अनर्हताएं

13–घ–– कोई भी व्यक्ति इस बात के होते हुए भी कि वह अन्यथा अर्ह है किसी {नगरपालिका}3 का सदस्य निर्वाचित चुने जाने या सदस्य बने रहने के लिए अनर्ह होगा, यदि–

1{ {(क) वह किसी स्थानीय प्राधिकारी का कोई पदच्युत सेवक हो और उसके अधीन पुनः सेवायोजन के लिए विवर्जित किया गया हो; या

(कक) वह भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन कोई पद धारण किया हो और भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति अभक्ति के कारण पदच्युत कर दिया गया हो, जब तक कि उसकी पदच्युत से छः वर्ष की अवधि समाप्त न हो गई हो; या}2

(ख) वह किसी प्राधिकारी के आदेश द्वारा विधि–व्यवसायी के रूप में कार्य करने से विवर्जित किया गया हो; या

(ग) वह {नगरपालिका}3 के दान स्वरूप या उसके नियंत्रण में कोई लाभ का पद धारण करता हो; या

(घ) वह धारा 27 या 41 के अधीन अनर्ह हो; या

{ {(ङ) उसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म इस धारा के प्रवृत्त होने की तिथि के 300 दिवस के पश्चात् हुआ है; या}5

(च) वह राज्य या केन्द्रीय सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी की सेवा में हो, या जिला सरकारी काउन्सेल या अपर सहायक जिला सरकारी काउन्सेल या अवैधानिक मजिस्ट्रेट या अवैतनिक मुन्सिफ या कोई अवैतनिक सहायक कलेक्टर हो; या

(छ) उस पर एक वर्ष से अधिक की मांग के नगरपालिका कर या अन्य देयों का, जिन पर धारा 166 लागू होती है, भुगतान बकाया हो; या

{(ज) महिला के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया है; या}5

(झ) (1) वह अनुमोचित दिवालिया हो; या

(2) वह भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 171–ङ के अधीन कारावास से दण्डनीय किसी अपराध अथवा धारा 171–च के अधीन दण्डनीय किसी अपराध के लिए सिद्ध–दोष ठहराया गया हो; या

(ञ) उसे आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 या उत्तर प्रदेश आपूर्ति नियंत्रण (अस्थाई शक्ति) अधिनियम, 1947 (अधिनियम सं0 2, 1947) जैसा कि उत्तर प्रदेश आपूर्ति नियंत्रण (अस्थाई शक्ति) अधिनियम, 1953 (अधिनियम सं0 22, 1953) द्वारा पुनः अधिनियमित किया गया या खाद्य अपमिश्रण (निवारण) अधिनियम, 1954 (अधिनियम सं0 37, 1955) के अधीन दिए गए किसी आदेश का उल्लंघन करने के लिए या किसी ऐसे अपराध के लिए, जिसे राज्य सरकार ने यह घोषित किया हो कि उसमें ऐसी नैतिक अधमत्त अन्तर्वलित है, जिससे वह सदस्य होने के लिए अयोग्य कर दिया गया हो, कारावास का दण्डादेश दिया गया हो या उसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 109 या 110 के अधीन की गई कार्यवाहियों के फलस्वरूप सदाचार के लिए बन्धन–पत्र निष्पादित करने का आदेश दिया गया हो और ऐसा दण्डादेश या आदेश बाद में परिवर्तित न कर दिया गया हो :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15 वर्ष 1983 के अध्याय–तीन की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 13 वर्ष 2002 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।

परन्तु (क) और (ख) की दशा में उक्त अनर्हता राज्य सरकार के इस निमित्त दिए गए आदेश द्वारा दूर की जा सकती है:

परन्तु यह और कि (छ) की दशा में बकाया भुगतान करने पर यथाशीघ्र अनर्हता समाप्त हो जायेगी :

परन्तु यह और भी कि (ञ) की दशा में :–

(1) यथास्थिति उसके कारावास से निर्मुक्त होने के दिनांक से पांच वर्ष की समाप्ति पर या उस अवधि, जिसके लिए उससे सदाचार बनाए रखने के लिए बन्ध–पत्र निश्पादित करने की अपेक्षा की गई हो, समाप्ति के दिनांक से अनर्हता नहीं रहे जायेगी; और

(2) ऐसे व्यक्ति की दशा में, जो अनर्हता के दिनांक को नगरपालिका का सदस्य हो, अनर्हता तब तक प्रभावी नहीं होगी जब तक कि ऐसी अनर्हता के दिनांक से तीन मास तक बीत गये हों या यदि उक्त तीन मास के भीतर सिद्ध–दोष ठहराने या आदेश के सम्बन्ध में पुनरीक्षण के लिए कोई अपील या याचिका प्रस्तुत की गई हो तो जब ऐसी अपील या विस्तारण न कर दिया गया हो।}2

{स्पष्टीकरण–– खण्ड (च) के अर्थ में, कोई सरकारी कोषाध्यक्ष राज्य या केन्द्रीय सरकार की सेवा में नहीं समझा जायेगा।}1

{(ट) वह राज्य के विधान मण्डल के निर्वाचनों के प्रयोजनों के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार अनर्ह कर दिया जाता है:

प्रतिबन्ध यह है कि कोई व्यक्ति, यदि उसने इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है, इस आधार पर अनर्ह नहीं किया जायेगा कि वह पच्चीस वर्ष से कम आयु का है;}3

{(ठ) किसी ऐसे समाचार–पत्र में, जिसमें नगरपालिा के कार्यकलापों से सम्बन्धित कोई विज्ञान दिया जा सकता है, अंश या हित रखत है; या

(ड) किसी ऐसी संस्था, जो नगरपालिका से किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही है, का वैतनिक कर्मचारी है; या

(ढ) यदि वह या सके परिवार का सदस्य या उसका कानूनी नगरपालिका के स्वामित्व या प्रबन्धन की भूमि या भवन या सार्वजनिक सड़क या पटरी, नाली, नाला पर अनाधिकृत कब्जा करता है अथवा किसी ऐसे अनाधिकृत कब्जे से किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करता है; या

(ण) नगरपालिका के किसी भी कर्मचारी संवर्ग या वर्ग के संघ या यूनियन का प्रतिनिधि या पदाधिकारी है; या

(त) नगरपालिका के अधिनियम, नियम, उपविधियां, विनियम, शासनादेश का उल्लंघन करने, नगरपालिका के हितों की उपेक्षा करने का सिद्ध दोषी ठहराया गया हो;}5

{(थ) वह एक से अधिक वार्ड के लिए अभ्यर्थी हो।}6

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1953 द्वारा जोड़ा गया।
धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 11 वर्ष 2005 की धारा 5 द्वारा निकाला गया।

88–– (1) ऐसे कार्य, जिसे विशेष संकल्प द्वारा किया जाना अपेक्षित है, से भिन्न गणपूर्ति किसी कार्य को करने के लिए यह आवश्यक होगा कि तत्समय {नगरपालिका}₁ के सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई सदस्य उपस्थित हो।

(2) किसी ऐसे कार्य को करने के लिए, जिसे विशेष संकल्प द्वारा किया जाना अपेक्षित है, यह आवश्यक होगा कि ऐसे सदस्यों के कम से कम आधे सदस्य उपस्थित हो :

परन्तु यह कि यदि किसी बैठक में विहित गणपूर्ति के अभाव के कारण कार्य स्थगित करना आवश्यक हो जाय तो अध्यक्ष ऐसा कार्य करने के पश्चात् जो किया जा सकता, बैठक को अन्य दिनांक के लिए स्थगित कर देगा और विहित गणपूर्ति के अभाव के कारण उक्त स्थगित कार्य ऐसे दिनांक को या बैठक को किसी पश्चातवर्ती दिनांक के लिए अग्रेत्तर स्थगित किये जाने की दशा में ऐसे पश्चात्वर्ती दिनांक के किया जायेगा, भले ही उसमें उपस्थित सदस्यों की संख्या में कोई कमी हो।

89–– यदि किसी बैठक में न तो अध्यक्ष उपस्थित हो और न ही उपाध्यक्ष तो उपस्थित सदस्य अपने में से किसी को बैठक का अध्यक्ष निर्वाचित करेंगे और ऐसा अध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करते समय बोर्ड के अध्यक्ष के सभी कर्तव्यों का पालन करेगा और उसकी सभी शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा। बैठक का अध्यक्ष

90–– प्रत्येक बैठक जनसाधारण के लिए खुली रहेगी, जब तक कि उसके अध्यक्ष का यह विचार न हो कि सम्पूर्ण बैठक या उसके किसी भाग से जन साधारण को अपवर्जित किया जाना चाहिए। बैठक का प्रचार

91–– जहां {नगरपालिका}₁ की बैठक से कोई सदस्य या अन्य व्यक्ति अध्यक्ष के किसी ऐसे निदेश का पालन करने से इंकार करता है, जो उसने किसी कार्य, चर्चा या विषय को नियम विरूद्ध घोषित करने या अन्यथा सदस्यों के आचरण या कार्य संचालन को विनियमित करने के लिए दिया हो या जहां कोई सदस्य या व्यक्ति जानबूझकर बैठक में विघ्न डालता है तो अध्यक्ष उस सदस्य या व्यक्ति को बैठक से निकल जाने का आदेश दे सकता है और उसके ऐसा न करने पर उसके विरूद्ध ऐसे बल का प्रयोग कर सकता है, जो उसे बैठक से हटाने या अपवर्जित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो या जिसके आवश्यक होने का उसे सद्भावपूर्वक विश्वास हो। व्यवस्था बनाए रखने के लिए बैठक के अध्यक्ष की शक्ति

92–– (1) ऐसे समस्त प्रश्नों का, जो {नगरपालिका}₁ की किसी बैठक में उत्पन्न हो उसका विनिश्चिय, उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जायेगा : मतदान द्वारा विनिश्चय

{प्रतिबन्ध यह है कि जहां {***}₂ अध्यक्ष की यह राय हो कि किसी प्रश्न पर (जिसके अन्तर्गत बजट के तखमीने और करावधान के प्रस्ताव भी है) {नगरपालिका}₁ की बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा उसका निर्णय {नगरपालिका}₁ के हित के विरूद्ध है तो वह अपनी टिप्पणियों सहित उसे निदेशक को भेज देगा, जो राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से, उस पर ऐसा निर्णय ले सकता है (जो {नगरपालिका}₁ के निर्णय का अतिक्रमण या आंशिक परिष्कार करते हुए लिया जा सकता है) जिसे वह उचित समझे और उसका निर्णय ऐसे प्रभावी होगा मानो वह {नगरपालिका}₁ का निर्णय हो :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 126 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि निदेशक अपना अन्तिम निर्णय देने तक ऐसे अन्तरित निदेश दे सकता है, जिन्हें वह उचित समझे और ऐसे निदेश ऐसे प्रभावी होंगे मानों वे नगरपालिका के निर्णय हो।}₁

(2) मतों के बराबर होने की दशा में बैठक के अध्यक्ष का द्वितीय या निर्णायक मत होगा।

(3) इस धारा के पूर्वगामी उपबन्ध धारा 94 की उपधारा (6) के उपबन्धों के और इस निमित्त या किसी अन्य अधिनियम के या उसके अधीन किसी ऐसे अन्य उपबन्ध के, जिसमें किसी संकल्प का सदस्यों के किसी अनुपात या संख्या द्वारा समर्थन अपेक्षित हो, अधीन होंगे।

बैठक में कतिपय अधिकारियों को उपस्थित होने तथा बोलने का अधिकार

93–– {मुख्य अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम, निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश या सहायक निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, जिले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी}[2] अधिशासी अभियंता, विद्यालय निरीक्षक और राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विशेष रूप से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, नगरपालिका की बैठक में उपस्थित रहने और किसी ऐसे विषय पर जिसका उनसे सम्बन्धित विभागों पर प्रभाव पड़ता हो, नगरपालिका को सम्बोधित करने के हकदार होंगे।

कार्य–वृत्त पुस्तिका और संकल्प

94–– (1) नगरपालिका की बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम की गयी कार्यवाही और पारित संकल्प एक पुस्तिका में, जो कार्य–वृत्त पुस्तिका कहलायेगी, दर्ज किये जायेंगे।

{(1–क) नगरपालिका का अधिशासी अधिकारी या जहां अधिशासी अधिकारी न हो, वहां सचिव, सदस्यों की एक उपस्थिति पंजिका रखेगा, जिसमें नगरपालिका की किसी बैठक में भाग लेने के पूर्व प्रत्येक सदस्य हस्ताक्षर करेगा।}[1]

{(2) कार्य–वृत्त को उस बैठक में या उसके ठीक बाद की बैठक में पढ़ा जायेगा कि पारित हो गया, जब तक पढ़े जाने के समय उपस्थित सदस्य, जो उस कार्यवृत्त में अभिलिखित कार्यवाही में भी उपस्थित रहे हो, बहुमत द्वारा आपत्ति न करे।}[1]

(3) किसी बैठक में नगरपालिका द्वारा पारित प्रत्येक संकल्प उसके पश्चात् यथाशक्य शीघ्र {राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक नोटिस के प्रकाशन के प्रयोजनार्थ अनुमोदित, जिले में प्रकाशित होने वाले किसी समाचार पत्र में या यदि जिले में ऐसा कोई समाचार पत्र नहीं है तो उस मण्डल में, जहां सम्बन्धित नगरपालिका स्थित है, प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र में हिन्दी में प्रकाशित किया जायेगा और जहां ऐसा समाचार पत्र नहीं है, वहां नगरपालिका कार्यालय तथा कलेक्टरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर लगातार तीन दिनों के लिए लगाया जायेगा।}[1]

(4) बैठक में नगरपालिका द्वारा पारित प्रत्येक संकल्प की प्रतिलिपि अधिवेशन के दिनांक से दस दिन के भीतर विहित प्राधिकारी और जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित की जायेगी।

(5) जब उपधारा (3) या (4) के अधीन किसी संकल्प के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाये तब उसके पश्चात् किन्तु कार्यवृत्त पर, जिसमें उक्त संकल्प अभिलिखित हो, उपधारा (2) की अपेक्षानुसार हस्ताक्षर किये जाने के पूर्व, उस कार्यवृत्त की शब्दावली में कोई परिवर्तन किया जाय तो ऐसा परिवर्तन, यथास्थिति प्रकाशित किया जायेगा या विहित प्राधिकारी और जिला मजिस्ट्रेट को संसूचित किया जायेगा।

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 127 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(6) नगरपालिका का संकल्प उसके पारित होने के बाद छः मास के भीतर तब तक उपांतरित या रद्द नहीं किया जायेगा :–

(क) जब तक कि पूर्व नोटिस, जिसमें उस संकल्प की, जिसे उपान्तरित या रद्द करने का प्रस्ताव हो और ऐसे संकल्प को उपान्तरित या रद्द करने का प्रस्ताव या प्रस्थापना का पूर्ण वर्णन हो, न दे दी गई हो; और

(ख) ऐसे संकल्प के सिवाय, जिसका समर्थन तत्समय नगरपालिका के सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम आधे सदस्यों द्वारा किया गया हो।

पत्र व्यवहार, लेखा, बजट आदि का संचालन

पत्र–व्यवहार, लेखा, बजट आदि का संकल्प

95–– निम्नलिखित विषय राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली से विनियमित तथा नियंत्रित होंगे; अर्थात् –

(क) ऐसा या ऐसे मध्यवर्ती कार्यालय, यदि कोई हो, जिसके द्वारा या जिनके माध्यम से नगरपालिका और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच

पत्र–व्यवहार किया जायेगा और नगरपालिका द्वारा सरकार को सम्बोधित अभ्यावेदन भेजे जायेंगे;

(ख) निर्माण कार्य का रेखांकन और प्राक्कलन तैयार करना, जो अंशतः या पूर्णतः नगरपालिका के व्यय पर निर्मित्त किया जाना हो;

(ग) प्राधिकारी जिले द्वारा और शर्त, जिसके अधीन रहते हुए ऐसे रेखांकन और प्राक्कलन स्वीकृत किये जा सकते है;

(घ) अभिकरण, जिसके द्वारा ऐसे रेखांकन और प्राक्कलन तैयार किये जायेंगे और जिसके द्वारा निर्माण कार्य कार्यान्वित किये जायेंगे;

(ङ) लेखा, जो नगरपालिका द्वारा रखे जायेंगे, रीति, जिसके अनुसार लेखा की परीक्षा की जायेगी और वे प्रकाशित किये जायेंगे और अनुज्ञात करने तथा अधिभार के सम्बन्ध में लेखापरीक्षक की शक्ति;

(च) दिनांक, जिसके पूर्व बजट स्वीकृत करने के लिए बैठक होगी;

(छ) बजट तैयार करने में अंगीकृत की जाने वाली प्रणाली और उसका रूप;

(ज) शर्त, जिसके अधीन रहते हुए नगरपालिका को, जिसके सम्बन्ध में धारा 102 के अधीन आदेश जारी किया गया है, अपने बजट में फेरबदल या परिवर्तन करने का हक होगा;

(झ) नगरपालिका द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणी, वक्तव्य और रिपोर्ट; और

(ञ) नगरपालिका के कार्यालय और निर्माण कार्य का नियमित आवधिक निरीक्षण।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

संविदा

96–– (1) ऐसे प्रत्येक संविदा की दशा में संकल्प द्वारा नगर महापालिका की अनुमति अपेक्षित है :– संविदा की स्वीकृति

(क) जिसके लिए बजट में व्यवस्था नहीं है; या

{(ख) जिसके किसी नगरपालिका परिषद् द्वारा किए गए संविदा की दशा में {पचास हजार रुपये}5 और नगर पंचायत द्वारा किए गए संविदा की दशा में {पन्द्रह हजार रुपये}6 से अधिक मूल्य या धनराशि अन्तर्ग्रस्त हो :}2

{प्रतिबन्ध यह है कि नगरपालिका परिषद् की दो बैठकों के मध्य की अवधि के दौरान, अध्यक्ष {एक लाख रुपये}7 से अनधिक मूल्य या धनराशि को अन्तर्ग्रस्त करने वाली संविदाओं की स्वीकृत कर सकता है।}3

(2) उपधारा (1) में विनिर्दिट दोनों में से किसी प्रकार की संविदा से भिन्न कोई संविदा को नगरपालिका के संकल्प द्वारा या नगरपालिका की समिति द्वारा (जो सलाहकार समिति न हो) जिसे इस निमित्त विनियम द्वारा सशक्त किया गया हो या नगरपालिका के इस प्रकार सशक्त किये गये किसी एक या एक से अधिक अधिकारी या सेवक द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है :

{परन्तु समिति, अधिकारी या सेवक द्वारा स्वीकृति संविदा को नगरपालिका की आगामी बैठक के समक्ष रखा जायेगा।}1

(3) जहां किसी परियोजना के रेखांकन और प्राक्कलन को इस निमित्त बनाए गए किसी नियम के अनुसार, नगरपालिका द्वारा स्वीकृत किया गया है और कार्य का निष्पादन नगरपालिका द्वारा अपनी सेवा या नियोजन में किसी अभियंता को सौंप दिया गया है, वहां नगरपालिका परियोजना के निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी संविदाओं को या किसी विशिष्ट प्रकार के किसी एक या अधिक संविदा को, जो धारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी भी प्रकार की संविदा से भिन्न हो, स्वीकृत करने की शक्ति विहित प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से उस अभियंता को प्रदान कर सकती है। इस प्रकार प्रदत्त शक्ति के प्रयोग पर कोई शर्त या निर्बन्धन उसी रीति से अधिरोपित कर सकता है।

97–– (1) नगरपालिका द्वारा या उसकी ओर से की गई प्रत्येक संविदा, जिसका मूल्य या राशि 250 रुपया से अधिक हो, लिखित रूप में होगी : संविदा का निष्पादन

{परन्तु जब तक संविदा का लिखित रूप में निष्पादन सम्यक रूप से न किया गया हो, कोई भी कार्य जिसमें उक्त संविदा से सम्बन्धित सामग्री का संग्रह करना भी सम्मिलित है, न तो प्रारम्भ किया जायेगा और न हाथ में लिया जायेगा।}[1]

(2) इस प्रकार की प्रत्येक संविदा पर ––

(क) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा और अधिशासी अधिकारी या सचिव द्वारा; या

1. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 128 (क) द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 128 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित। 5. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 11 वर्ष 2005 की धारा 6 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 6 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 6 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) पूर्ववर्ती धारा की उपधारा (2) या (3) के अधीन संविदा स्वीकृत करने के लिए सशक्त किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा यदि {नगरपालिका}[1] द्वारा अग्रत्तर और इसी रीति से इस निमित्त सशक्त किये जाये।

(3) यदि कोई संविदा, जिस पर इस धारा के पूर्वगामी उपबन्ध लागू होते हैं, उनके अनुरूप नहीं निष्पादित की जाती है तो {नगरपालिका}[1] उससे आबद्ध नहीं होगी।

{97–क–– इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, विश्व बैंक या किसी अन्य विदेशी संगठन से सहायता प्राप्त करने वाली या केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित किसी नगर विकास परियोजना के सम्बन्ध में प्रत्येक संविदा की तखमीने राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित योजना के अनुसार तैयार या स्वीकृत की जायेगी । कतिपय परियोजनाओं के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध

राज्य सरकार द्वारा परियोजना के अनुमोदन के दिनांक से एक मास के भीतर ऐसी नगर विकास परियोजना के लिए निधि की स्वीकृति के लिए नगरपालिका की बैठक आयोजित करके विनिश्चय किया जायेगा :

आग्रतर प्रतिबन्ध यह कि यदि नगरपालिका की बैठक प्रथम प्रतिबन्धात्मक खण्ड में विनिर्दिष्ट समय के भीतर न बुलायी जाय या विनिश्चय न किया जाय तो यह समझा जायेगा कि नगरपालिका ने निधि स्वीकृति कर दी है और यदि स्वीकृति देने से इनकार कर दिया जाय या उपान्तरों सहित स्वीकृति दी जाय तो मामला राज्य सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा ओर राज्य सरकार का विनिश्चय अन्तिम और नगरपालिका पर बाध्यकारी होगा और यह समझा जायेग कि नगरपालिका ने तदनुसार निधि स्वीकृत कर दी है। अधिशासी अधिकारी तदुपरान्त परियोजना का निश्पादन कर सकता है, निधि व्यय कर सकता है और नियत समय के भीतर परियोजना का पूरा होना सुनिश्चित कर सकेगाः

प्रतिबन्ध यह भी है कि नगरपालिका परियोजनाओं का नियमित अनुश्रवण करेगी और राज्य सरकार को अपनी आख्या भेजेगी।}[2]

98–– जहां भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम में, यह अपेक्षित या अनुज्ञात है कि किसी दस्तावेज के सम्बन्ध में उसे निष्पादित करने वाले या उसके अधीन दावा पेश करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा कोई कार्य किया जाये और दस्तावेज को नगरपालिका की ओर से निष्पादित किया गया है या वह दस्तावेज जिसके अधीन {नगरपालिका}[1] दावा पेश कती है, वहां वह कार्य उपर्युक्त अधिनियमिति या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, {नगरपालिका}[1] के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी या नगरपालिका के सचिव द्वारा या {नगरपालिका}[1] के किसी अधिकारी द्वारा, जिसे विनियम द्वारा इस निमित्त शक्ति प्रदान की जाय, किया जा सकता है। लिखत का रजिस्ट्रीकरण

बजट

बजट

99–– (1) प्रत्येक {नगरपालिका}[1] आगामी मार्च के 31वें दिनांक को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए वास्तविक और प्रत्याशित प्राप्तियों और व्यय का पूर्ण लेखा तैयार करायेगी और उसके ठीक बाद आगामी अप्रैल के प्रथम दिनांक को प्रारम्भ होने वाले वर्ष के लिए {नगरपालिका}[1] की आय और व्यय के बजट प्राक्कलन के साथ उसे प्रतिवर्ष ऐसे दिनांक के पूर्व जो इस निमित्त नियमतः निश्चित किया जाय, होने वाली बैठक में अपने समक्ष रखवाएगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 129 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) धारा 102 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए {नगरपालिका}[2] ऐसी बैठक में बजट प्राक्कलन में वर्णित विनियोग और अर्थोपाय के बारे में निर्णय करेगी और विशेष संकल्प द्वारा स्वीकृत करेगी, जिसे राज्य सरकार को या ऐसे अधिकारियों को, जिन्हें राज्य सरकार आदेश द्वारा इस निमित्त निर्दिष्ट करे, प्रस्तुत किया जायेगा।

(3) उपर्युक्त के समान उपबन्धों के अधीन रहते हुए {नगरपालिका}[2] समय–समय पर जैसा परिस्थितियों के अनुसार वांछनीय हो सके, उपधारा (2) के अधीन स्वीकृत बजट में, विशेष संकल्प द्वारा, फेरबदल कर सकती है या उसमें परिवर्तन कर सकती है।

पुनरीक्षित बजट

100–– पहली अक्टूबर के पश्चात् यथाशक्य–शीघ्र उस वर्ष के लिए एक पुनरीक्षित बजट तैयार किया जायेगा और ऐसा पुनरीक्षित बजट यथाशक्य उन सभी उपबन्धों के अधीन होगा, जो धारा 99 के अधीन तैयार किए गए बजट पर लागू होते हैं।

बजट में दर्शित न्यूनतम अन्त अतिशेष

101–– बजट के तैयार करने में {नगरपालिका}[2] ऐसा न्यूनतम अन्त अतिशेष (यदि कोई हो) बनाए रखने की व्यवस्था करेगी, जिसे राज्य सरकार आदेश द्वारा विहित करे।

ऋणी नगरपालिका का बजट

102–– यदि {राज्य सरकार}[1] की राय में किसी {नगरपालिका}[2] की ऋणता की दशा ऐसी हो कि उसके कारण उसके बजट पर {राज्य सरकार}[1] का नियंत्रण वांछनीय हो तो राज्य सरकार आदेश द्वारा उस दशा की घोषणा करके यह निदेश दे सकती है कि ऐसे {नगरपालिका}[1] का बजट {राज्य सरकार}[1] या {विहित प्राधिकारी}[1] की स्वीकृति के अधीन होगा और यह कि धारा 99 की उपधारा (3) के अधीन बजट में फेरबदल या उसमें परिवर्तन करने की शक्ति नियम द्वारा विहित शर्तों के अधीन होगी।

बजट में अतिरिक्त व्यय करने का प्रतिषेध

103–– (1) जहां बजट स्वीकृत कर दिया गया हो, वहां {नगरपालिका}[2] बजट के किसी भी ऐसे शीर्षक के अधीन, जो उस शीर्षक से भिन्न हो, जिसमें के प्रतिदाय की व्यवस्था की गई हो, उस शीर्षक के अधीन स्वीकृत राशि से अधिक राशि का व्यय बजट में फेरबदल या परिवर्तन न करके ऐसी अधिक राशि की व्यवस्था किये बिना नहीं करेगा।

(2) जहां किसी ऐसे शीर्षक के अधीन, जिसमें करों के प्रतिदाय की व्यवस्था की गई हो, उस शीर्षक के अधीन स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय किया जाये तो ऐसे व्यय के लिए बजट में फेरबदल करके अविलम्ब व्यवस्था की जायेगी।

समिति और संयुक्त समिति

समिति की नियुक्ति

104–– (1) {नगरपालिका}[2] निम्नलिखित कार्य कर सकती है और जहां {राज्य सरकार}[1] द्वारा अपेक्षा की जाये, ऐसा कार्य करेगा –

(क) विनियम द्वारा ऐसी समितियां स्थापित करना जिन्हें, वह उचित समझे या जिनके लिए राज्य सरकार ऐसी शक्तियों के प्रयोग का, ऐसे कर्तव्यों का पालन या ऐसे कृत्यों का निर्वहन करने के प्रयोजन के लिए, जो धारा 112 के अधीन किसी समिति को प्रत्यायोजित किये जायं, निदेश दे; और

1. एडेप्टेशन आफ लॉ आर्डर, 1950 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) इस प्रकार स्थापित किसी समिति के लिए, एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए अपने ऐसे सदस्यों को, जिन्हे वह उचित समझे, एकल संक्रमणीय मत द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् सभापति द्वारा विधान परिषद् में अनुसरणीय कार्य संचालन और प्रक्रिया के लिए 15 मार्च, 1921 के स्थायी आदेश के आदेश 82 और 87 के अनुसरण में बनाए गए विनियम में विहित रीति के अनुसार निर्वाचन करना और उक्त विनियम में आए हुए शब्द अध्यक्ष' और 'काउंसिल' इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए क्रमशः 'नगरपालिका अध्यक्ष एवं नगरपालिका' पढ़े जायेंगे परन्तु यह कि राज्य सरकार समय–समय पर जैसा वह उचित समझे, इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए उक्त विनियम में संशोधन कर सकती है; और

(ग) खण्ड (ख) के अधीन नियंत्रित किसी सदस्य को संकल्प द्वारा हटाना।

{(1–क) केवल बालिकाओं की शिक्षा के लिए पूर्ववर्ती उपधारा के अधीन स्थापित किसी समिति में उसके कम से कम आधा सदस्य नगरपालिका की महिला सदस्य होगी और साथ ही ऐसी अन्य महिलाएं भी होंगी, जो नगरपालिका की निवासी हो, किन्तु नगरपालिका की सदस्य न हो, किन्तु बालिकाओं की शिक्षा में उनकी अभिरुचि होने के कारण धारा 105 के अधीन नियुक्ति की गयी हो।}[1]

(2) किसी ऐसी समिति का सभापति वह व्यक्ति होगा, जो ऐसी समिति की महिला सदस्यों में से निर्वाचित किया गया हो :

परन्तु यह कि नगरपालिका समय–समय पर संकल्प द्वारा किसी ऐसे विषय पर जिसके सम्बन्ध में इस अधिनियम के द्वारा या अधीन नगरपालिका का विनिश्चय अपेक्षित हो, जांच करने और रिपोर्ट देने के प्रयोजन के लिए एक या एक से अधिक सलाहकार समितियां स्थापित कर सकती है और उसके सदस्य नियुक्त कर सकता है।

सदस्यों से भिन्न व्यक्तियों की नियुक्ति

105–– इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, नगरपालिका के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह ऐसे संकल्प द्वारा, जिसका समर्थन तत्समय सदस्यों की कुल संख्या के कम से कम आधे सदस्यों ने किया हो, किसी भी व्यक्ति को चाहे वह स्त्री हो या पुरूष और जो नगरपालिका का सदस्य न हो किन्तु जो नगरपालिका की राय में ऐसी समिति में कार्य करने के लिए विशेष अर्हता रखता हो, समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त करे :

परन्तु समिति में इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की संख्या समिति की कुल सदस्य संख्या के एक तिहाई से अधिक न होगी।

(2) इस अधिनियम के और किसी ऐसी नियमावली के सभी उपबन्ध, जो सदस्यों के कर्तव्य, शक्ति, दायित्व, अनर्हता और निर्योग्यता से सम्बन्धित हो, उन अनर्हताओं के सिवाय जो लिंग भेद के आधार पर हो, यथाशक्य उस व्यक्ति पर लागू होगा।

समिति में रिक्तियां

106–– किसी समिति में हुई रिक्ति की पूर्ति किसी भी समय नगरपालिका द्वारा धारा 104 या धारा 105 में विहित रीति के अनुसार दूसरे सदस्य या व्यक्ति को नियुक्त करके की जा सकती है।

समिति का सभापति।

107–– (1) नगरपालिका संकल्प द्वारा किसी समिति का सभापति नियुक्त कर सकती है।

(2) नगरपालिका द्वारा सभापति नियुक्त न करने की दशा में समिति अपने सदस्यों में से सभापति नियुक्त करेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 7 वर्ष 1949 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

समितियों की प्रकृति

108–– (1) धारा 92 की उपधारा (1) और (2), धारा 93 और धारा 94 की उपधारा

(1), (2), (4), (5) और (6) के उपबन्ध नगरपालिका की समितियों की कार्यवाहियों पर उसी प्रकार लागू होंगे मानों वह शब्द 'नगरपालिका' के स्थान पर, जहां कहीं भी वह उनमें आया हो, शब्द 'समिति' रख दिया गया हो।

(2) समितियां, जब वे उचित समझे, बैठक कर सकती है या उसे स्थगित कर सकती है, किन्तु समिति का सभापति, जब भी वह ठीक समझे, समिति की बैठक बुला सकता है और नगरपालिका के अध्यक्ष या समिति के कम से कम दो सदस्यों के लिखित अनुरोध पर बैठक बुलाएगा।

(3) उपधारा (4) में अन्तर्विष्ट उपबन्ध के अधीन रहते हुए किसी बैठक में तब तक कोई कार्य नहीं किया जायेगा जब तक कि उसमें समिति के एक चौथाई से अधिक सदस्य उपस्थित न हो।

(4) जहां किसी समिति की बैठक में विहित गणपूर्ति के अभाव में कोई कार्य स्थगित करना आवश्यक हो, वहां धारा 88 की उपधारा (3) में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण किया जायेगा।

समिति का नगरपालिका के अधीनस्थ होना

109–– (1) नगरपालिका, किसी भी समय किसी समिति से किसी भी कार्यवाही के उद्धरण और किसी ऐसे विषय में, जिसके लिए समिति कार्यवाही करने के लिए प्राधिकृत या निदेशित की गयी हो, सम्बद्ध या संसक्त कोई विवरणी, विवरण–पत्र, लेखा की रिपोर्ट मांग सकती है।

(2) प्रत्येक समिति उपधारा (1) के अधीन नगरपालिका द्वारा किये गए किसी अधिवचन का विधि के अनुसार शीघ्र अनुपालन करेगी।

(3) नगरपालिका समिति के किसी विनिश्चय में कारणों को अभिलिखित करके, फेरबदल या उसको अधिभूत कर सकती है।

संयुक्त समिति

110–– (1) नगरपालिका, एक या एक से अधिक किसी अन्य अनुमति देने वाले स्थानीय प्राधिकारी को सम्मिलित करके, कोई ऐसा कार्य करने के प्रयोजनार्थ, जिसमें वे संयुक्त रूप से हितबद्ध हो, सम्बन्धित स्थानीय प्राधिकारियों के हस्ताक्षर युक्त लिखत के माध्यम से संयुक्त समिति नियुक्त कर सकती है और यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाये तो नियुक्त करेगी।

(2) ऐसे लिखत में, उन सदस्यों की संख्या जिन्हें प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी द्वारा उक्त संयुक्त समिति में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जायेगा, वह व्यक्ति, जो उसका सभापति होगा, शक्ति, जो एक या एक से अधिक सहमति देने वाले स्थानीय प्राधिकारी द्वारा प्रयोक्तव्य होने के कारण संयुक्त समिति द्वारा प्रयोग की जा सकेगी और उसकी कार्यवाही और पत्र व्यवहार के संचालन की रीति विहित होगी।

(3) ऐसे लिखत में समय–समय पर किसी अग्रेत्तर लिखत द्वारा, जिसपर सभी सम्बद्ध स्थानीय प्राधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हों, फेरबदल किया जा सकता या उसको विखण्डित किया जा सकता है और इस उपधारा के अधीन किसी लिखत के विखण्डन की दशा में तद्धीन सभी कार्यवाहियां, उक्त अग्रेत्तर लिखत में विनिर्दिष्ट दिनांक से अप्रवर्तनशील समझी जायेगी।

(4) इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों के अधीन किसी कार्यवाही के दौरान दो या अधिक स्थानीय प्राधिकारियों के बीच उत्पन्न किसी मतभेद का विनिश्चय धारा 325 के अधीन राज्य सरकार को निर्देश करके किया जाएगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{{उत्तर प्रदेश}[3] नगरपालिका अधिनियम, 1916} {धारा 110क–112}

राज्य नगरपालिका संघ का बनाया जाना और उसके कृत्य

{110–क–– (1) उत्तर प्रदेश में नगरपालिकाएं संघ बनने के लिए सम्मिलित हो सकती है, जिसे राज्य नगरपालिका संघ कहा जायेगा :

परन्तु ऐसा कोई संघ तब तक न बनाया जायेगा जब तक कि राज्य में आधे से अधिक नगरपालिकाएं, सदस्य बनने के लिए अपने आशय का संकल्प पृथक–पृथक पारित न कर दे।

(2) इस धारा की उपधारा (1) के अधीन बनाया गया संघ नगरपालिकाओं के सामान्य हित की समस्याओं की जांच करेगा। नगरपालिका प्रशासन में सुधार के लिए नगरपालिकाओं को सलाह देगा और ऐसे अन्य कृत्य करेगा, जिन्हें राज्य सरकार समय–समय पर विहित करे।

(3) निम्नलिखित विषय राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली द्वारा विनियमित और नियंत्रित होंगे; अर्थात् –

(क) संघ का गठन तथा उसके लक्ष्य और उद्देश्य;

(ख) नगरपालिका द्वारा संघ को किए जाने वाले अंशदान की धनराशि और उसकी रीति;

(ग) संघ के वित्त का प्रबन्धन और नियंत्रण;

(घ) {***}[2]

(ङ) सामान्यतया ऐसे अन्य विषय, जो इस धारा के लिए आवश्यक हो।}[1]

नगरपालिका द्वारा शक्ति का प्रयोग और प्रत्यायोजन

शक्ति, जिनका प्रयोग नगरपालिका द्वारा संकल्प कर सकती है

111–– (1) नगरपालिका अनुसूची 1 के द्वितीय स्तम्भ में विनिर्दिष्ट शक्ति, कर्तव्य और कृत्य, सिवाय उनके जिनके सम्मुख उक्त अनुसूची के तृतीय स्तम्भ में प्रविष्टि की गई है, का प्रयोग, पालन और निर्वहन कर सकती है और नगरपालिका द्वारा उनका प्रयोग, पालन और निर्वहन नगरपालिका की बैठक में पारित संकल्प द्वारा या अन्यथा नहीं किया जायेगा।

(2) उपधारा (1) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह नगरपालिका के किसी संकल्प को इस अधिनियम के द्वारा या अधीन इस निमित्त यथाविधि प्राधिकृत किसी अभिकरण द्वारा अथवा नगरपालिका के किसी ऐसे सेवक द्वारा जो अपने नियोजन की परिधि के भीतर कार्य कर रहा हो, निष्पादित किये जाने से निवारित करती है।

नगरपालिका द्वारा शक्तियों का प्रत्यायोजन

112–– (1) ऐसी शक्ति, कर्तव्य या कृत्य के अपवाद स्वरूप, जो –

(क) अनुसूची के द्वितीय स्तम्भ में विनिर्दिष्ट हो और जिनके सामने तृतीय स्तम्भ में कोई प्रविष्टि नहीं की गई हो;

(ख) धारा 50 के खण्ड (क), (ख) और (ग) द्वारा या धारा 51 द्वारा अध्यक्ष के लिए आरक्षित हो या उसको समनुदेशित किये गये हों; और

(ग) जहां अधिशासी अभियंता या कोई स्वास्थ्य अधिकारी हो वहां धारा 60 द्वारा अधिशासी अधिकारी के लिए या धारा 60–क द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी के लिए आरक्षित हो;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 1 वर्ष 1955 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 130 द्वारा निरसित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{नगरपालिका}[1] सभी या किसी शक्ति शक्ति, कर्तव्य या कृत्य, को, जो इस अधिनियम के अधीन {नगरपालिका}[1] को प्रदत्त या अधिरोपित या समनुदेशित किये गये हों, विनियम द्वारा प्रत्यायोजित कर सकती है।

(2) उपधारा (3) में किए गए उपबन्ध के सिवाय, {नगरपालिका}[1] ऐसी शक्ति, कर्तव्य या कृत्य का, जिसे उसने उपधारा (1) के अधीन प्रत्यायोजित किया है, प्रयोग पालन या निर्वहन स्वयं नहीं करेगा अथवा उसके प्रयोग, पालन या निर्वहन में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

(3) नगरपालिका द्वारा उपधारा (1) के अधीन किसी शक्ति, कर्तव्य या कृत्य का प्रत्यायोजन इस शर्त के अधीन रहते हुए किया जा सकता है कि प्रत्यायोजन के अनुसरण में दिए गए समस्त या कोई आदेश इस शर्त के अधीन होगा कि विनिर्दिष्ट समय के भीतर उसके विरूद्ध नगरपालिका की अपील करने का अधिकार होना या {नगरपालिका}[1] द्वारा उसका पुनरीक्षण किया जा सकेगा।

(4) इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों की किसी बात से यह नहीं समझा जायगा कि वह {नगरपालिका}[1] की किसी समिति के संकल्प को इस अधिनियम के द्वारा या अधीन इस निमित्त यथाविधि प्राधिकृत किसी अभिकरण द्वारा निष्पादित किये जाने से निर्धारित करती है अथवा {नगरपालिका}[1] के किसी सेवक को अपने नियोजन की परिधि के भीतर कार्य करने से प्रवारित करनी है।

कार्य और कार्यवाही की विधिमान्यता

उपधारणा और आवृत्ति

113–– (1) {नगरपालिका}[1] में या नगरपालिका की समिति में किसी रिक्ति के कारण नगरपालिका या ऐसी समिति का कोई कार्य या कार्यवाही दूषित नहीं होगी।

(2) इस अधिनियम के अधीन {नगरपालिका के सदस्य या सदस्य के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के निर्वाचन, नाम–निर्देशन या नियक्ति में या नियुक्त की गई किसी समिति के सदस्य}[2] में या नगरपालिका के या ऐसी समिति की किसी बैठक में अध्यक्ष या सभापति के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के निर्वाचन या नाम–निर्देशन किये जाने में किसी निर्योग्यता या त्रुटि के कारण नगरपालिका या समिति के किसी कार्य या कार्यवाही को दूषित नहीं समझा जायेगा। यदि कार्य करते या कार्यवाही किये जाते समय अधिकांश उपस्थिति व्यक्ति अर्ह या नगरपालिका या समिति के सम्यक रूप से निर्वाचित या नाम–निर्दिष्ट सदस्य रहे हों।

(3) जब तक कि इसके प्रतिकूल साबित न हो जाय, किसी लेख्य या कार्यवृत्त को जिसका {नगरपालिका}[1] या समिति की कार्यवाही का अभिलेख होना तात्पर्यित हो, यदि वह ऐसी कार्यवाही का अभिलेख तैयार करने और उस पर हस्ताक्षर करने के लिए विहित रीति के अनुसार सारतः तैयार किया गया हो और उस पर हस्ताक्षर किये गये हों, ऐसे सम्यक् रूप से गठित {नगरपालिका}[1] या समिति द्वारा, जिसके सभी सदस्य सम्यक् रूप से अर्ह रहे हों, सम्यक् रूप से बुलाई गई बैठक की कार्यवाही का अभिलेख समझा जायेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उपर्युक्त की धारा 131 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

अध्याय– 4

नगरपालिका निधि और सम्पत्ति

नगरपालिका निधि

114–– {(1) प्रत्येक नगरपालिका के लिए एक निधि स्थापित की जायेगी, जिसे नगरपालिका निधि कहा जायेगा और इसमे प्राप्त सभी राशियां, जिसमें राज्य की संचित निधि से प्राप्त अनुदान और नगरपालिका द्वारा या उसके निमित्त लिए गए सभी ऋण सम्मिलित है, जमा की जायेगी।}[3]

(2) इस धारा की किसी बात का नगरपालिका के किसी ऐसी बाध्यता पर प्रभाव न पड़ेगा, जो उस पर निधि द्वारा अधिरोपित या उसके द्वारा स्वीकृत किसी न्यास से उत्पन्न हो।

धन उधार लेने की नगरपालिका की शक्ति

{114–क–– नगरपालिका अपने कर्तव्यों और कृत्यों के सम्पादन के लिए, चाहे वे आज्ञापक या वैयक्तिक हों, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से और इस निमित्त विहित नियमों के अधीन रहते हुए, डिबेंचर जारी करके या किसी अन्य प्रतिभूति पर खुले बाजार में या किसी वित्तीय संस्था से ऋण ले सकती है।}[2]

नगरपालिका निधि की अभिरक्षा और उसका विनिधान

115–– {(1) नगरपालिका–निधि सरकारी कोषागार या उप कोषागार में या स्टेट बैंक आफ इण्डिया में या राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से उत्तर प्रदेश को–आपरेटिव बैंक या किसी अनुसूचित बैंक में रखी जायेगी।}[1]

(2) उन स्थानों में जहां कोई ऐसा कोषागार या उप कोषागार या बैंक न हो, नगरपालिका निधि बैंकर के रूप में कार्य कर रहे व्यक्ति के पास रखी जायेगी, जिसने

इस प्रकार रखी गई निधि की सुरक्षित अभिरक्षा और मांग किए जाने पर प्रतिसंदाय की ऐसी प्रतिभूति दी हो, जिसे राज्य सरकार प्रत्येक मामले में पर्याप्त समझे :

परन्तु यह कि इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों से यह न समझा जायगा कि उनसे नगरपालिका, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से, अपनी नगरपालिका निधि के किसी भाग को, जो तुरन्त व्यय के लिए अपेक्षित न हो, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 की धारा 20 में वर्णित किसी प्रतिभूति में विनिहित कररने या प्रेसीडेन्सी बैंक में सावधि निक्षेप में रखने से प्रविरत होती है।

नगरपालिका में सम्पत्ति निहित

116–– राज्य सरकार द्वारा किए गए किसी विशेष आरक्षण के अधीन रहते हुए इस धारा में इसके पश्चात् विनिर्दिष्ट और {नगरपालिका क्षेत्र}[4] में स्थित सभी प्रकार की सम्पत्ति {नगरपालिका क्षेत्र}[4] में निहित होगी और नगरपालिका की होगी और ऐसी समस्त अन्य सम्पत्ति के साथ, जो {नगरपालिका क्षेत्र}[4] में निहित हो जाय, {नगरपालिका क्षेत्र}[4] के निदेश, प्रबन्ध और नियंत्रण में रहेगी, अर्थात् :

(क) सभी सार्वजनिक नगर भित्तियां, फाटक, बाजार, वध–शालाएं, खाद और विष्ठा डिपो और प्रत्येक प्रकार के सार्वजनिक भवन, जो नगरपालिका निधि से निर्मित किए गए हों या अनुरक्षित किए जाते हों।

(ख) सभी सार्वजनिक स्रोत, झील, तालाब, कुएं और सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए जल का सम्भरण, संचय और वितरण करने के सभी निर्माण कार्य और उससे संसक्त या अनुलग्न सभी पुल, भवन, इंजन, सामग्री और वस्तुए और कोई पार्श्वस्थ भूमि भी, जो निजी सम्पत्ति न होते हुए किसी सार्वजनिक तालाब या कुएं से अनुलग्न हो;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19 वर्ष 1990 के अध्याय–दो की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 132 द्वारा प्रतिस्थापित। 4. उपर्युक्त की धारा 133 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) सभी सार्वजनिक सीवर, नालियाँ, पुलियाँ और जल–प्रणालियां और उनसे अनुलग्न सभी निर्माण कार्य सामग्री और वस्तुएँ;

(घ) सभी धूल, गोबर, विष्ठा, राख, कूडा–करकट, किसी प्रकार का प्राणी– पदार्थ या गन्दगी या कचरा या मृत पशुओं के शव, जो {नगरपालिका क्षेत्र}[1] द्वारा सड़कों, गृहों, 273 के अधीन {नगरपालिका क्षेत्र}[1] द्वारा नियत स्थानों में जमा किए जाएं;

(ङ) सभी सार्वजनिक बत्तियां, बत्ती के खम्बे और उससे संसक्त या अनुलग्न यंत्र;

(च) सभी भूमि या अन्य सम्पत्ति जो स्थानीय सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए सरकार द्वारा या दान या क्रय द्वारा या अन्यथा {नगरपालिका क्षेत्र}[1] को अन्तरित की गई हो; और

(छ) सभी सार्वजनिक सड़कें और उसके खडंजे, पत्थर और अन्य सामग्री और ऐसी सड़कों पर विद्यमान या उससे अनुलग्न सभी वृक्ष निर्माण, सामग्री उपकरण और वस्तुएं।

भूमि का अनिर्वाय अर्जन

117–– जहां नगरपालिका इस या किसी अन्य अधिनियम के अधीन किसी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्तव्य के पालन के प्रयोजन के लिए जो उसे प्रदत्त किया गया था उस पर अधिरोपित किया गया हो, राज्य सरकार से भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 या किसी अन्य विद्यमान विधि के उपबन्धों के अधीन उसकी ओर से कोई भूमि या किसी भूमि के सम्बन्ध में कोई अधिकार स्थायी या अस्थायी रूप में अर्जित करने की अपेक्षा करे, वहां राज्य सरकार विहित रीति से नगरपालिका द्वारा किये गये निवेदन पर पूर्वोक्त उपबन्धों के अधीन, ऐसी भूमि या ऐसे अधिकार को अर्जित कर सकती है और नगरपालिका द्वारा राज्य सरकार को तदान्तर्गत अधिनिर्णीत प्रतिकर और उपर्युक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में

राज्य सरकार द्वारा किए गए परिव्यय को भुगतान किये जाने पर यथास्थिति उक्त भूमि या अधिकार नगरपालिका में निहित होंगे।

नगरपालिका का अपने प्रबन्ध में सौंपी गई सम्पत्ति के प्रबन्ध और नियंत्रण की शक्ति

118–– नगरपालिका आगामी धारा के उपबन्धों और सम्पत्ति के स्वामी द्वारा अधिरोपित किसी शर्त के अधीन रहते हुए, अपने प्रबन्ध और नियंत्रण में सौंपी गई किसी सम्पत्ति का प्रबन्ध और नियंत्रण कर सकती है।

सार्वजनिक संस्था

119––(1) प्रत्येक सार्वजनिक संस्था का, जिसका अनुरक्षण अनन्य रूप से नगरपालिका विधि से किया जाता हो, प्रबन्ध, नियंत्रण और प्रशासन नगरपालिका में निहित होगा।

(2) नगरपालिका में कोई अन्य सार्वजनिक संस्था निहित की जा सकती है, उसका प्रबन्ध, नियंत्रण और प्रशासन उसके अधीन रखा जा सकता है, परन्तु उसके सम्बन्ध में नगरपालिका के स्वतंत्र प्राधिकार का विस्तार नियम द्वारा विहित किया जा सकता है।

(3) किसी सार्वजनिक संस्था की, जो नगरपालिका में निहित हो या उसके प्रबन्ध, नियंत्रण और प्रशासन के अधीन रखी गई हो, समस्त सम्पत्ति, विन्यास और निधि नगरपालिका द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिए न्यास में रखी जायेगी, जिसके लिए ऐसी सम्पत्ति विन्यास और निधि उस समय वैध रूप में प्रयोजन होती जब कि उक्त संस्था इस प्रकार निहित थी या इस प्रकार रखी गई थी।

(4) परन्तु यह कि इस धारा से पूर्वगामी उपबन्धों में किसी बात से यह न समझा जायेगा कि वह किसी न्यास की सम्पत्ति का पूर्व विन्यास अधिनियम, 1890 के अधीन पूर्व विन्यास के कोषाध्यक्ष में निहित करने से निवारित करती है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 133 द्वारा प्रतिस्थापित। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{नगरपालिका क्षेत्र}5 निधि और सम्पत्ति का उपयोजन

120–– (1) नगरपालिका में निहित {नगरपालिका क्षेत्र}5 निधि और समस्त सम्पत्ति का उपयोजन उन अभिव्यक्त या विवक्षित प्रयोजनों के लिए किया जायेगा, जिनके लिए इस या किसी अन्य अधिनियम के अधीन, {नगरपालिका क्षेत्र}5 को शक्ति प्रदत्त है या उस पर कर्तव्य या बाध्यता अधिरोपित किये गये हैं।

(2) परन्तु यह कि {नगरपालिका क्षेत्र}5 की सीमा से बाहर भूमि अर्जन करने या उसे कर पर देने या ऐसी सीमा से बाहर कोई निर्माण कार्य करने के लिए सिवाय –

{(क) राज्य सरकार की स्वीकृति के; और

(ख) ऐसे निर्बन्धनों और शर्तों पर जिन्हें राज्य सरकार अधिरोपित करे;

कोई व्यय नहीं करेगा।

(3) परन्तु यह भी कि {नगरपालिका क्षेत्र}5 के निम्नलिखित दायित्वों और बाध्यताओं को नीचे वर्णित क्रम में प्राथमिकता दी जायेगी –

{(क) सफाई मजदूरों के वेतन और भत्तों का भुगतान;

(कक) {नगरपालिका} पर वैध रूप से अधिरोपित या उसके द्वारा स्वीकृत न्यास से उत्पन्न दायित्व और बाध्यताएं;}2

(ख) स्थानीय प्राधिकरण उधार अधिनियम, 1914 के उपबन्धों के अधीन उपगत किसी ऋण का प्रतिसंदाय और उस पर ब्याज का भुगतान;

(ग) {खण्ड (क) के अधीन भुगतान को छोड़कर, स्थापना व्यय का भुगतान}3 जिनके अन्तर्गत ऐसे अंशदान है, जो धारा 78 में निर्दिष्ट किए गये हैं और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिशासी अधिकारों का वेतन, भत्ते और पेन्शन;

(घ) कोई धनराशि, जिसका धारा 35 के उपधारा (3) धारा 36 की उपधारा (2), धारा 126, धारा 163 की उपधारा (3) या धारा 320 की उपधारा (3) के अधीन {नगरपालिका क्षेत्र}5 निधि से भुगतान करने का आदेश दिया गया हो।

{स्पष्टीकरण–– इस उपधारा के प्रयोजनार्थ, ऐसे किसी व्यक्ति को सफाई मजदूर समझा जायेगा और वह {नगरपालिका क्षेत्र}5 की सड़कों, गलियों, रास्तों, नालियों, सीवरों, शौचालयों और मूत्रालयों में झाड़ू लगाने और उनकी सफाई करने, मृत पशुओं और कूड़ा करकट ढोने के प्रयोजनों के लिए और इसी प्रकार के अन्य कार्यों के लिए {नगरपालिका क्षेत्र}5 द्वारा सेवायोजित हो।}4

कतिपय मुकदमों पर नगरपालिका निधि वाले व्यय पर निर्बन्धक

{120–क–– राज्य सरकार द्वारा धारा 30, धारा 34, धारा 40 या धारा 48 के अधीन जो आदेश दिया गया है या दिया हुआ तात्पर्यित है, उसके सम्बन्ध में नगरपालिका या उसके से होने अध्यक्ष द्वारा या उसकी ओर से किसी न्यायालय से संस्थिति या प्रारम्भ की गई किसी कार्यवाही पर खर्च करने के प्रयोजनार्थ नगरपालिका निधि से कोई व्यय निदेशक की लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जायेगा।}1

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 41 वर्ष 1976 की धारा 37 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15 वर्ष 1983 के अध्याय–तीन की धारा 11 (एक) द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 11(दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 11(तीन) द्वारा बढ़ाया गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 133 द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

नगरपालिका के भू–गृहादि के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 वर्ष 1966 के अध्याय 7 का लागू किया जाना

{120–ख–– उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् अधिनियम, 1965 के अध्याय 7 के उपबन्ध किसी ऐसे भू–गृहादि के सम्बन्ध में, जो {नगरपालिका}3 के हो या उसमें निहित हो अथवा नगरपालिका द्वारा पट्टे पर लिए गए हों, इस ऐक्ट के प्रयोजनों के लिए उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार वे उक्त अधिनियम में यथापरिभाषित 'परिषद् के भू–गृहादि' के सम्बन्ध में लागू होते हों और उनमें परिषद् तथा उक्त अधिनियम के अधीन नियत विषय के लिए किए गए अभिदेश क्रमशः इस अधिनियम में यथा परिभाषित {नगरपालिका}3 तथा इस अधिनियम में नियत विषय के लिए किए गए अभिदेश समझे जायेंगे।}1

जब क्षेत्र {यथास्थिति सकंमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 न रह जाये तब निधि का निस्तारण

121–– (1) जब धारा 3 के अधीन अधिसूचना के कारण कोई स्थानीय क्षेत्र {यथास्थिति संक्रमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 न रह जाये और उसे तत्काल किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन रख दिया जाये तब {नगरपालिका}3 में निहित नगरपालिका निधि और सम्पत्ति ऐसे अन्य स्थानीय प्राधिकारी में निहित हो जायेगी और {नगरपालिका}3 के दायित्व ऐसे अन्य स्थानीय प्राधिकारी को अंतरित हो जायेंगे।

(2) इसी प्रकार जब कोई स्थानीय क्षेत्र {यथास्थिति सकंमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 न रह जाये और उसे तत्काल अन्य स्थानीय प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन न रख दिया जाये, तब नगरपालिका में निहित नगरीय क्षेत्र निधि का अतिशेष और अन्य सम्पत्ति राज्य सरकार में निहित हो जायेगी और नगरपालिका के दायित्व राज्य सरकार को अन्तरित हो जायेंगे।

जब क्षेत्र {यथास्थिति सकंमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 में सम्मिलित न रह जाये तब निधि का निस्तारण

122–– (1) जब धारा 3 के अधीन अधिसूचना के कारण कोई स्थानीय क्षेत्र {यथास्थिति संक्रमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 में सम्मिलित न रह जाये और उसे तत्काल किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन रख दिया जाये तब नगरपालिका में निहित {यथास्थिति संक्रमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}2 निधि का ऐसा भाग और अन्य सम्पत्ति उस अन्य स्थानीय प्राधिकारी में निहित हो जायेगी और {नगरपालिका}3 के दायित्वों का ऐसा

भाग, जिसे राज्य सरकार {नगरपालिका}[3] और उस अन्य स्थानीय प्राधिकारी से परामर्श करने के पश्चात् अधिसूचना द्वारा घोषित कर उस अन्य स्थानीय प्राधिकारी को अंतरित हो जायेगा।

(2) इसी प्रकार जब कोई स्थानीय क्षेत्र {यथास्थिति सक्रमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}[2] में सम्मिलित न रह जाये और उसे तत्काल किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन न रख दिया जाय, तब {नगरपालिका}[3] में निहित {नगरपालिका}[3] निधि का ऐसा भाग और अन्य सम्पत्ति राज्य सरकार में निहित हो जायेगी और {नगरपालिका}[3] के दायित्वों का ऐसा भाग जिसे राज्य सरकार, {नगरपालिका}[3] से परामर्श करने और अपवर्जित क्षेत्र के निवासियों द्वारा किए गए किसी अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात् अधिसूचना द्वारा घोषित कर राज्य सरकार को अन्तरित हो जायेगा :

(3) परन्तु यह कि यदि कोई अपवर्जित स्थानीय क्षेत्र किसी ऐसे स्थानीय प्राधिकारी नियंत्रण के अधीन रखा जाये जो अपवर्जन के पूर्व के दिनांक को विद्यमान न हो तो राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन घोषणा करने के पूर्व अपवर्जित क्षेत्र के निवासियों द्वारा किए गए किसी अभ्यावेदन पर विचार करेगी :

(4) परन्तु यह भी कि इस धारा के पूर्वगामी उपबन्ध ऐसे किसी मामले के सम्बन्ध में लागू न होंगे, जहां राज्य सरकार की राय में परिस्थिति ऐसी हो, जिससे {यथास्थिति संक्रमणशील क्षेत्र या लघुतर नगरीय क्षेत्र}[2] निधि या दायित्व के किसी भाग का अन्तर अवांछनीय हो जाय।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 22 वर्ष 1972 की धारा 19(5) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 134 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

निधि और सम्पत्ति का उपयोग, जो धारा 121 या 122 के अधीन प्रोदभूत हो

123–– नगरपालिका निधि या नगरपालिका निधि के किसी भाग या नगरपालिका की अन्य सम्पत्ति का उपयोग, जो धारा 121 या 122 के उपबन्धों के अधीन {राज्य सरकार}[1] को प्रोदभूत हो, सर्वप्रथम ऐसे उपबन्धों के अधीन {राज्य सरकार}[1] को अन्तरित नगरपालिका के सरकार को दायित्वों की पूर्ति करने के लिए और तत्पश्चात् स्थानीय क्षेत्र के निवासियों के लाभ के लिए किया जायेगा।

सम्पत्ति अन्तरण सम्बन्धी नगरपालिका की शक्ति

124–– (1) नगरपालिका, इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अधिरोपित किसी निर्बन्धन के अधीन रहते हुए, नगरपालिका में निहित किसी सम्पति को, जो किसी न्यास के सम्बन्ध में उसके द्वारा धृत सम्पत्ति न हो, जिसकी शर्ते इस प्रकार अन्तरण के अधिकार से असंगत हो, विक्रय, बन्धक, पट्टा, दान, विनियम द्वारा या अन्य प्रकार से अन्तरित कर सकता है।

(2) नगरपालिका, उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार की स्वीकृति से, नगरपालिका में निहित किसी सम्पत्ति का सरकार को अन्तरण कर सकती है, किन्तु इस प्रकार से नहीं कि उससे किसी न्यास या सार्वजनिक अधिकार पर जिसके अधीन वह सम्पत्ति हो, कोई प्रभाव पडे :

(3) परन्तु यह कि उपधारा (1) के अधीन प्रत्येक अन्तरण ऐसे पट्टे को छोड़कर, जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक न हो, ऐसी लिखत द्वारा किया जायेगा, जो नगरपालिका की सामान्य मुहर से मुद्रांकित होगी और अन्यथा वह ऐसी सभी शर्तों का अनुपालन करेगी, जो इस अधिनियम के द्वारा या अधीन संविदा के सम्बन्ध में अधिरोपित की गई हो।

नगरपालिका निधि से प्रतिकर का भुगतान

125–– नगरपालिका निधि में से किसी ऐसे व्यक्ति को प्रतिकर दे सकती है, जिसे इस या किसी अन्य अधिनियम के अधीन नगरपालिका उसके अधिकारी या या सेवकों में निहित अथवा धारा 34 के अधीन {राज्य सरकार}[1], विहित प्रतिकारी या जिला मजिस्ट्रेट में विहित किसी शक्ति का प्रयोग करने के कारण कोई क्षति पहुंची हो ओर ऐसा प्रतिकर

उस दशा में देगा जब उस व्यक्ति ने जिससे क्षति पहुंची हो, स्वयं उस मामलें में कोई चूक न की हो, जिसके सम्बन्ध में उस शक्ति का प्रयोग किया गया था।

मेले आदि में पुलिस

126–– (1) जब {राज्य सरकार}[1] की राय में नगरापालिका द्वारा आयोजित किसी मेले आदि कृषि प्रदर्शनों या औद्योगिक प्रदर्शनों के अवसर पर पुलिस का विशेष संरक्षण अपेक्षित हो तब राज्य सरकार ऐसे संरक्षण की व्यवस्था कर सकती है और नगरपालिका उसके पूरे प्रभार का या उस प्रभार के ऐसे भाग का, जिसे {राज्य सरकार}[1] उसके द्वारा सामयिक रूप में दे समझे, भुगतान करेगा।

में पुलिस के विशेष संरक्षण के लिए नगरपालिका द्वारा भुगतान

(2) यदि प्रभार की धनराशि का भुगतान न किया जाय तो जिला मजिस्ट्रेट ऐसे व्यक्ति को, जिसके अभिरक्षा में नगरपालिका निधि हो, ऐसी निधि से उक्त व्यय का भुगतान करने का निर्देश देते हुए आदेश कर सकता है।

नगरपालिका निधि से सम्बद्ध अन्य विषय

127–– निम्नलिखित मामले द्वारा 296 के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली द्वारा विनियमित और नियंत्रित होंगे; अर्थात् :–

(क) प्रतिकारी, जिसके सम्बन्ध में नगरपालिका निधि से भुगतान किया जा सकता है;

(ख) शर्त, जिनके आधार पर नगरपालिका द्वारा सम्पत्ति अर्जित की जा सकती है या जिनके आधार पर नगरपालिका में निहित सम्पत्ति का विक्रय, बन्धक, पट्टा, विनिमय द्वारा या अन्य प्रकार से अन्तरण किया जा सकता है; या

1. एडेप्टेशन आफ लॉ आर्डर, 1950 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) नगरपालिका निधि या नगरपालिका सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई ऐसा अनय मामला, जिसके सम्बन्ध में इस अधिनियम में कोई उपबन्ध न हो या अप्रर्याप्त उपबनध हो या और उपबन्ध करना आवश्यक हो।

[1]{अध्याय 4–क
जिला योजना समिति और वित्त आयोग

जिला योजना समिति

127–क–– (1) प्रत्येक जिले में एक जिला योजना समिति, जिले में पंचायतों और नगर निगमों, नगरपालिका, परिषद्ों और नगर पंचायतों, द्वारा तैयार की गई योजनाओं को सम्मिलित करने केलिए और सम्पूर्ण जिले के लिए एक विकास योजा प्ररूप तैयार करने के लिए, गठित की जायेगी।

(2) जिला योजना समिति में ऐसे व्यक्ति होंगे, जैसे नियमों द्वारा विहित किया जाय :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे समिति के सदस्यों की कुल संख्या का कम से कम 4/5 भाग जिला पंचायत के और जिले में नगर निगम, नगरपालिका परिषद्ों और नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से, जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की और नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या के बीच अनुपात के अनुसार निर्वाचित किया जायेगा :

अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी समिति के अन्य सदस्य राज्य सरकार द्वारा सरकारी गजट में अधिसूचित आदेशों द्वारा नाम–निर्दिष्ट किए जायेंगे :

प्रतिबन्ध यह भी है कि सदस्यों की कोई रिक्ति ऐसी समिति के गठन या पुर्नगठन में बाधक नहीं होंगे।

(3) जिला योजना समिति का अध्यक्ष ऐसी रीति से चुना जायेगा, जो नियमों द्वारा विहित की जाय।

(4) जिला योजना समिति, विकास योजना प्ररूप तैयार करने में :–

(क) निम्नलिखित का ध्यान रखेंगे –

(एक) पंचायतों और नगर निगमों, नगर पालिका परिषद्ों और नगर पचांयतों के बीच सामान्य वित्त के विषय, जिनके अन्तर्गत स्थानिक योजना, जल और अन्य भौतिक और प्राकृतिक साधनों में हिस्सा, अवसंरचना का एकत्रित विकास और पर्यावरण संरक्षण है;

(दो) उपलब्ध साधनों की सीमा और प्रकार चाहे यह वित्तीय हो या अन्य हो;

(ख) ऐसे स्थानों और संगठनों से परामर्श करेगी, जिन्हें राज्यपाल आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करेंगे।

(5) प्रत्येक जिला योजना समिति का अध्यक्ष ऐसी समिति द्वारा सिफारिश की गई विकास योजना राज्य सरकार को भेजेगा।

योजना का तैयार किया जाना

127–ख–– (1) प्रत्येक नगरपालिका का अधिशासी अधिकारी नियमों द्वारा विहित रीति में नगरपालिका क्षेत्र के लिए प्रत्येक वर्ष एक विकास योजना तैयार करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन तैयार की गई योजना नगरपालिका की बैठक में उसके समक्ष रखी जायेगी और नगरपालिका उसे उपान्तरों सहित या बिना किसी उपान्तर के अनुमोदित कर सकती है।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 135 द्वारा नया अध्याय 4–क बढ़ाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) अधिशासी अधिकारी योजनाओं के नगरपालिका द्वारा अनुमोदित कर दिए जाने के पश्चात् उसे ऐसे दिनांक के पूर्व, जो नियम द्वाराविहित किया जाय, जिला योजना समिति को भेजेगा।

वित्त आयोग

127–ग–– (1) वित्त आयोग नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति का भी पुनर्विलोकन करेगा और राज्यपाल को निम्नलिखित के सम्बन्ध में सिफारिश करेगा –

(क) उन सिद्धान्तों के बावत्, जो निम्नलिखित को शासित करेगा :–

(एक) राज्य द्वारा उद्ग्रहणीय ऐसे करों, शुल्कों, पक्षकारों और फीसों के शुद्ध आगमों की राज्य और नगरपालिकाओं के बीच वितरण और ऐसे आगमों का नगरपालिकाओं के अंश का आबंटन;

(दो) ऐसे करों, शुल्कों, पक्षकारों और फीसों का अवधारण, जो नगरपालिकाओं को समनुदिष्ट या उनके द्वारा विनियोजित किये जा सकेंगे;

(तीन) राज्य की संचित निधि में से नगरपालिकाओं के लिए सहायता अनुदान;

(ख) नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक उपाय;

(ग) कोई अन्य विषय, जो राज्यपाल द्वारा नगरपलिकाओं को ठीक वित्त व्यवस्था के हित में वित्त आयोग को निर्दिष्ट किया जाय।

(2) राज्यपाल उपधारा (1) के अधीन वित्त आयोग द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश को उस पर की गई कार्यवाही के स्पष्टीकारक ज्ञापन के साथ राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखे जायेंगे।]3

अध्याय 5
नगरपालिका कराधान, करों का अधिरोपण और परिवर्तन

कर, जो अधिरोपित किये जा सकते हैं

128–– (1) इस निमित्त राज्य सरकार के किसी सामान्य नियम या विशेष आदेश के अधीन रहते हुए ऐसे कर, जिन्हें {नगरपालिका]2 सम्पूर्ण नगरपालिका या उसके किसी भाग में अधिरोपित कर सकती है, निम्नलिखित है :–

(एक) भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर;

(दो) व्यापार और आजीविका सेवाओं से विशेष लाभ हो रहा हो या जिससे उस पर विशेष भार पड़ रहा हो;

(तीन) व्यापार, आजीविका और व्यवसाय पर कर, जिसमें ऐसे सभी सेवायोजन भी सम्मिलित है, जिनमें वेतन या फीस के रूप में पारिश्रमिक दिया जाता है;

{(तीन–क) नाट्यशाला कर, जिनका तात्पर्य विनोद या आमोद पर, कर से है;}[1]

(चार) नगरपालिका के भीतर किराये पर चलायी या रखी जाने वाली गाड़ी या अन्य सवारी पर या उसमें बांधी जाने वाली नावों पर कर;

(पांच) नगरपालिका के भीतर रखे गए कुत्तों पर कर;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 3. उपर्युक्त की धारा 135 द्वारा नया अध्याय 4–क जोड़ा गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

(छः) ऐसे पशुओं पर कर, जिनका उपयोग, जब उन्हें नगरपालिका के भीतर रखा जाय, सवारी करने, चलाने, खींचने या बोझा ढोने के लिए किया जाता है;

(सात) {***}[3]

(आठ) {***}[3]

(नौ) निवासियों पर उनकी परिस्थिति और सम्पत्ति के अनुसार निर्धारित कर;

(दस) भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर जल–कर;

{(दस–क) भवन के वार्षिक मूल्य पर जल निकास कर, जो ऐसे भवन पर उद्ग्रहणीय हो, जो निकटतम सीवर लाइन से प्रत्येक नगरपालिका के लिए इस निमित्त नियम निर्धारित दूरी के भीतर स्थित हो;}[2]

(ग्यारह) समार्जन–कर;

(बारह) सण्डासों, मूत्रालयों और नलकूपों से मलादि और प्रदूषित पदार्थों का संग्रह करने, हटाने और निस्तारण करने के लिए सफाई कर;

(तेरह) {***}[3]

(तेरह–क) {***}[1]

{(तेरह–ख) {नगरपालिका}[5] की सीमा में स्थित स्थावर सम्पत्ति के अन्तरण पर विलेख;}[1]

(चौदह) {***}[3]

(2) प्रतिबन्ध उपधारा (1) के खण्ड (तीन) और (नौ) के अधीन कर एक साथ उद्ग्रहणीय नही होंगे, {***}[4] {और न ही उपधारा (1) के खण्ड (दस–क) और (बारह) के अधीन कर एक साथ उद्ग्रहणीय होंगे :

अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि उपधारा (1) के खण्ड (तेरह–ख) के अधीन नगरपालिका के ऐसे क्षेत्र में जो यू0पी0 टाउन इम्प्रूवमेन्ट ऐक्ट, 1919 की धारा 3 के अधीन सृजित किसी इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट का स्थानीय क्षेत्र हो, स्थिति स्थावर सम्पत्ति के अन्तरण विलेख पर कोई कर उद्ग्रहणीय न होगा:}[2]

प्रतिबन्ध यह भी है कि उपधारा (1) के खण्ड (चार) के अधीन कोई कर किसी मोटर गाड़ी के सम्बन्ध में उद्ग्रहणीय न होगा।

(3) इस धारा की कोई बात किसी ऐसे कर के अधिरोपण का प्राधिकार न देगी, जिसके लिए राज्य विधान मण्डल को संविधान के अधीन राज्य में अधिरोपित करने की शक्ति न हो :

प्रतिबन्ध यह है कि {नगरपालिका}[5] जो संविधान के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व, तत्समय प्रवृत्त इस धारा के अधीन कोई ऐसा कर विधिपूर्वक उद्ग्रहीत कर रही थी उस

कर का उद्ग्रहण जारी रख सकती है जब तक कि संसद इसके प्रतिकूल कोई उपबन्ध न बनाये।

1. संशोधन आदेश 1937 द्वारा निरसित तथा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1964 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1991 के अध्याय–दो की धारा 2 (क) द्वारा निरसित। 4. उपर्युक्त की धारा 2 (ख) द्वारा निरसित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 12 वर्ष 1994 के अध्याय–तीन की धारा 72 द्वारा प्रतिस्थापित। 6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 26 वर्ष 1995 के अध्याय–तीन की धारा 32 द्वारा प्रतिस्थापित।

{128–क–– (1) यदि किसी {नगरपालिका}3 ने धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (तेरह–ख) में अभिदिष्ट कर अधिरोपित किया हो तो अचल सम्पत्ति के किसी हस्तान्तरण पर विलेख भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 द्वारा आरोपित शुल्क ऐसी नगरपालिका की सीमाओं के भीतर स्थित अचल सम्पत्ति की दशा में, प्रतिफल की धनराशि या मूल्य पर, जिसके अभिदेश में उक्त अधिनियम के अधीन शुल्क की गणना की जाये, दो प्रतिशत बढ़ा दिया जायेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से {नगरपालिका}3 विशेष संकल्प द्वारा शुल्क में वृद्धि के उपर्युक्त प्रतिशत को पांच प्रतिशत तक बढ़ा सकती है।

(2) उक्त वृद्धि के परिणामस्वरूप समस्त संग्रहीत धनराशि आनुषंगिक व्यय की, यदि कोई हो, कटौती करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति से, जिसे विहित किया जाय, सम्बद्ध {नगरपालिका}3 को भुगतान की जायेगी।

(3) इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 27 इस प्रकार पढ़ी जायेगी और उसका अर्थ इस प्रकार लगाया जायेगा मानों विनिर्दिष्ट रूप से यह अपेक्षित है कि उसमें निर्दिष्ट विशिष्टयों का निम्नलिखित के सम्बन्ध में पृथक–पृथक उल्लेख किया जायेगा –

(क) सम्पत्ति, जो नगरपालिका की सीमा के भीतर स्थित है; और

(ख) सम्पत्ति, जो नगरपालिका की सीमा के बाहर स्थित है।

(4) इस धारा के प्रयोजनों के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 64 में सरकार को किए गए समस्त निर्देशों से यह समझा जायेगा कि उसमें नगरपालिका भी सम्मिलित है।}1

{129–– जलकर अधिरोपण निर्बन्धन धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (दस) के अधीन कर, इस निर्बन्धन के अधीन रहते हुए लगाया जायेगा कि निम्नलिखित पर ऐसा कर न लगाया जाय – {जलकर के अधिरोपण पर निर्बन्धन}4

(एक) किसी ऐसी भूमि पर जिसका उपयोग एकमात्र कृषि प्रयोजन के लिए किया जाता हो, जब तक कि {नगरपालिका}3 द्वारा ऐसे प्रयोजनों के लिए जल सम्भरित न किया जाये; या

(दो) किसी ऐसे भू–खण्ड या भवन पर जिसका वार्षिक मूल्य तीन सौ साठ रुपये से अधिक न हो और जिसे {नगरपालिका}3 द्वारा जल सम्भारित न किया जाता हो; या

(तीन) किसी ऐसे भू–खण्ड या भवन पर जिसका कोई भाग निकटतम नल या जल–कल से, जहां पर जनता को {नगरपालिका}3 द्वारा जल उपलब्ध कराया जाता हो उस नगरपालिका के लिए विहित अर्द्ध व्यास के भीतर न हो।

स्पष्टीकरण –– इस धारा के प्रयोजनों के लिए –

(क) 'भवन में उसका अहाता (यदि कोई हो)' और जहां एक ही सामान्य अहाते में अनेक भवन हो, वहां ऐसे समस्त भवन और सामान्य हाता भी सम्मिलित है;

